






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 137

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 28 फरवरी, 2024


# राज्यसभा चुनाव : भाजपा को आठ, सपा को दो सीटें



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्यसभा में उत्तर प्रदेश की दस सीटों के लिए हुए चुनाव में मंगलवार को सपा के सात और सुभासपा के एक विधायक की क्रास वोटिंग के बीच भाजपा ने आठ और सपा ने दो सीटें जीतीं। कांग्रेस के समर्थन के बावजूद समाजवादी पार्टी के तीसरे प्रत्याशी और पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन चुनाव हार गए। भाजपा के आरपीएन सिंह, अमर पाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन, साधना सिंह, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी व डॉ. संगीता बलवंत सिंह और सपा की जया अमिताभ बच्चन और रामजी लाल सुमन राज्यसभा पहुंच गए। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना घोषित होने से चंद दिन पहले भाजपा ने प्रदेश में सपा को झटका देकर न केवल एक अतिरिक्त सीट हासिल कर ली, बल्कि सात विधायकों को भी अपने पाले में शामिल कर लिया।

### भाजपा के प्रत्याशी

- अमरपाल मौर्य- 38 वोट
- आरपीएन सिंह- 37 वोट
- साधना सिंह- 38 वोट
- संजय सेठ- 29 वोट
- संगीता बलवंत बिंद- 38 वोट
- सुधांशु त्रिवेदी- 38 वोट
- तेज वीर सिंह- 38 वोट
- नवीन जैन- 38 वोट

### सपा के प्रत्याशी

- जया बच्चन- 41 वोट
- लालजी सुमन- 40 वोट
- आलोक रंजन- 19 वोट

### भाजपा को 294 वैध मत

भाजपा के 252 विधायकों ने पार्टी प्रत्याशियों को मतदान किया है। अपना दल (एस) के 13, निषाद पार्टी के छह, रालोद के 9, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के 2 विधायकों ने भाजपा को वोट दिया है। सुभासपा के 6 में से एक विधायक अब्बास अंसारी जेल में बंद है, इसलिए मतदान करने नहीं आए। पार्टी के एक विधायक जगदीश नारायण राय ने सपा के पक्ष में मतदान किया है। इस तरह सुभासपा के 4 विधायकों ने भाजपा को वोट दिया है। बसपा के एक मात्र विधायक उमाशंकर सिंह और सपा के सात विधायकों ने भाजपा को वोट दिया है। इस तरह भाजपा के खाते में कुल 294 वोट आए।

### सपा को 100 वैध मत

सपा के पास 108 विधायक हैं। उनके दो विधायक इरफान सोलंकी और रमाकांत यादव जेल में बंद होने के कारण मतदान करने नहीं आए। सपा के सात विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। महराजी देवी मतदान करने नहीं पहुंची। ऐसे में सपा के 98 विधायकों ने मतदान किया। सपा को कांग्रेस के दो और सुभासपा के एक विधायक का मत मिला। इस तरह सपा के पास कुल 101 मत थे। सपा विधायक शहजिल इस्लाम ने मतपत्र में निशान लगाने की जगह पी पी लिखा। इसलिए उनका मत खारिज किया गया। सपा के प्रत्याशियों के खाते में प्रथम वरीयता के 100 वैध मत आए।






क्या इक्का- दुक्का अवैध अस्पतालों पर कार्यवाही होने से रुक जायेगा मौत का तांडव?

# राजधानी के कई इलाकों में संचालित हो रही अवैध अस्पतालों की मंडियां





**जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय/ अभिमन्यु कुमार रावत**

**लखनऊ।** हाल ही में फतेहगंज क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एन एस हॉस्पिटल की लापरवाही के कारण एक प्रसूति महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया और हॉस्पिटल को नोटिस थमाते हुए बंद कराया गया। लेकिन अभी भी यह यक्ष प्रश्न है कि क्या इक्का-दुक्का अस्पतालों को नोटिस थमाने और बंद कराने से क्या राजधानी में अवैध अस्पतालों की लापरवाही से हो रही मौतों का सिलसिला रुक जायेगा? लखनऊ के काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की परिधि में आने वाले मोहान रोड पर काकोरी मोड़ से लेकर फतेहगंज, घुरघुरी तालाब, खुशहालगंज, पान खेड़ा व बेहटा चौराहा आदि जगहों पर संचालित निजी अस्पतालों की प्रमाणिकता का शायद ही कोई आधार हो, लेकिन स्वास्थ्य महकमा न जाने क्यों किसी गंभीर घटना के घटित होने के बाद ही जागता है। कुछ निजी अस्पताल संचालकों से बात करने पर इस बात की जानकारी हुई कि कई अस्पताल ऐसे हैं जो बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित हो रहे हैं, तो कहीं डा. ही नहीं आते बल्कि फार्मासिस्ट ही गंभीर मरीजों का भी इलाज करते नजर आते हैं। क्षेत्र में मुख्य रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों की हकीकत से लोग अनजान हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार!

बिना मानक के किसी भी तरह हॉस्पिटल का संचालन गैरकानूनी है, बिना रजिस्ट्रेशन के व मानक विहीन अस्पतालों की जानकारी मिलने पर गंभीर कार्यवाही की जाएगी।
**- डॉ. अखंड प्रताप सिंह, एसीएमओ लखनऊ।**



"यदि कोई भी अस्पताल मानक विहीन संचालित होते पाया गया या बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा है तो उसकी जांच कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाती है तत्पश्चात उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है।
**- डा0 अवधेश कुमार**
प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी काकोरी

### क्या है क्षेत्र में मुख्य रूप से संचालित अस्पतालों की वर्तमान स्थिति

- जंगली माता मंदिर फतेहगंज मोहान रोड स्थित एराइस हॉस्पिटल से ओमकार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में एराइस हॉस्पिटल में पांच-छः डॉक्टर हैं जिसमे जनरल फिजिशियन, एमडी भी नियमित उपलब्ध रहते हैं।
- खुशहालगंज मोहान रोड स्थित नंदलाल पॉलीक्लिनिक का संचालन डॉ रेखा द्वारा किया जा रहा है, पॉलीक्लिनिक के स्टाफ मनीष ने बताया कि हमारे यहां डॉ रेखा द्वारा केवल ओपीडी में मरीजों को देखा जाता है यहां मरीजों को भर्ती नहीं किया जाता साथ ही अप्रैल माह में रजिस्ट्रेशन हुआ है।
- पान खेड़ा मोहान रोड स्थित न्यू यूनिक हॉस्पिटल से संपर्क न हो पाने के कारण स्थिति स्पष्ट नही हुई।
- घुरघुरी तालाब स्थित न्यू सेवा हॉस्पिटल पान खेड़ा से अंशू ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी अस्पताल संचालित नहीं है रजिस्ट्रेशन की फाइल लगाई गई है प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अस्पताल का संचालन किया जाएगा।
- घुरघुरी तालाब स्थित न्यू अवध हॉस्पिटल के मैनेजर रवि शंकर ने बताया कि हमारे यहां दो डॉक्टर नियमित हैं और हमारे अस्पताल का रिन्यूअल भी अप्रैल में हो जाता है।
- यस हॉस्पिटल घुरघुरी तालाब मोहान रोड से डॉ. सी बी यादव ने बताया कि अस्पताल 5-6 साल पहले से रजिस्टर्ड है लेकिन हम ऑन कॉल ही उपलब्ध होते हैं वो भी कभी-कभार जरूरत पड़ने पर बाकी जानकारी नहीं है।
- वैष्णवी वर्मा पॉलीक्लिनिक घुरघुरी तालाब मोहान रोड से संपर्क न हो पाने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हुई।
- वहीं बेहटा चौराहा स्थित आरती हेल्थ केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ सौरभ आर्या ने बताया कि पहले अस्पताल अन्य जगह था किराए को लेकर अनबन हुई थी, जिसके बाद उक्त पते पर अस्पताल के संचालन की तैयारी चल रही है। अभी अस्पताल बन रहा है रजिस्ट्रेशन के बाद ही संचालित किया जाएगा।
- घुरघुरी तालाब मोहान रोड स्थित जगन्नाथ हॉस्पिटल की भी स्थिति स्पष्ट नही है।

## गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी संगठन पर पांच साल के लिए बढ़ाया प्रतिबंध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय ने अगले पांच वर्षों के लिए जम्मू कश्मीर के संगठन जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने एक्स अकाउंट पर जानकारी साझा करते हुए इसकी पुष्टि की है। शाह ने लिखा है आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लाम पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। साथ ही कहा है कि संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी 2019 को गैरकानूनी घोषित किया गया था।

# फिर बदलेगा यूपी का मौसम

**मार्च के पहले सप्ताह में आंधी, बारिश और ओले गिरने की चेतावनी, जारी हुआ अलर्ट**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कुछ दिनों तक ठीक रहने वाला मौसम एक बार फिर बिगड़ने जा रहा है। मौसम विभाग ने इसकी भविष्यवाणी कर दी है। मार्च की शुरुआत आंधी-पानी और ओले के साथ हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर चेतानी भी जारी की है। एक मार्च से तीन मार्च तक आंधी-पानी और ओलावृष्टि के आसार बने रह सकते हैं। आंचलिक मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, एक मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके कारण मध्य भारत के ऊपर परिस्थितियों में होने वाले बदलाव से बंगाल की खाड़ी व अरब सागर से आने वाली नमीयुक्त हवाओं का समागम होने से मौसम बदल सकता है। तेज झोंकेदार पछुआ हवा, गरज-चमक के साथ बरसात का दौर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होगा। जो दो मार्च को पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। इस बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं ओलावृष्टि के भी आसार हैं। चार मार्ज से मौसम में कुछ सुधार संभव है। वहीं आसमान साफ होने के कारण आगामी दो-तीन दिनों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 2-3डिग्री और अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस का उछाल आने के आसार हैं। एक मार्च से बादलों की आवाजाही व बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट के आसार हैं।

# सीएम धामी ने बजट को बताया संतुलित और विकासोन्मुखी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून**

सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश का बजट समग्र, समावेशी, संतुलति और विकासोन्मुखी है। प्रधानमंत्री विकसित भारत के चार स्तंभ गरीब, युवा, महिला और किसान बताए हैं। हमारी सरकार का बजट इन्हीं को समर्पित है। उत्तराखंड की आर्थिक विकास दर 7.63 प्रतिशत रही है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। 2023 में हमारी प्रतव्यक्ति आय 2,60201 रुपये रही। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार, राज्य में 9.17 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### स्वयं के कर से 25.24 फीसदी राजस्व कमाएगी

सरकार का अनुमान है कि वह स्वयं के कर राजस्व से इस बार 25.24 करोड़ की आय अर्जित करेगी। केंद्रीय सहायता अनुदान सरकार की आय का सबसे बड़ा स्रोत है, लेकिन इस बार सरकार ने इसे 27.07 फीसदी से कम कर 21.90 फीसदी कर दिया है। यानी इसमें कमी की गई है। अलबत्ता लोक ऋण को 25.21 प्रतिशत से बढ़ाकर 31.30 प्रतिशत कर दिया है।

### चार नए निजी विवि स्थापित होंगे

प्रदेश सरकार ने सदन में उत्तराखंड निजी विवि( संशोधन) विधेयक पेश किया। इसके तहत प्रदेश में चार नए निजी विवि स्थापित होंगे। इनमें माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल में, डीबीएस ग्लोबल विवि, व माया देवी विवि सेलाकुई में और श्रीमती मंजीरा देवी विवि, डूंडा उत्तरकाशी में स्थापित होंगे।

# प्रभारी मंत्री ने ली कानून व्यवस्था और विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में व सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की उपस्थिति में मंगलवार को कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि कई विभाग अपने पूर्ववर्ती विकास कार्यों में जनपद की रैंकिंग अच्छी प्राप्त की है। साथ ही कई विभागों में सुधार किए जाने की गुंजाइश है। उन्होंने सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के अनुपालन में अच्छा कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कार्यों में सुधार करते हुए प्रदेश में जनपद को नंबर वन लाने का प्रयास करें। यह भगवान श्री रामचंद्र की तपोभूमि है। देश-विदेश में चित्रकूट का नाम है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए जनपद को विकास कार्यों में नंबर वन पर लाने का प्रयास करें।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि पिछले वर्षों में बिजली आपूर्ति की समस्या रही है, इसमें सुधार हो रहा है। गर्मियों का समय आने वाला है, ट्रांसफार्मर व अन्य सामग्री एडवांस में रखें किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी सहभागिता निभाएं। अगली बैठक में जनपद को नंबर वन होना चाहिए। इसके बाद पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में सफल परीक्षार्थीयों को ओ लेवल, ट्रिपल सी प्रमाण पत्र भी राज्य मंत्री द्वारा वंदना सिंह, रिया देवी, अनूप कुमार, देवेंद्र कुमार, अरुण कुमार, दिलीप कुशवाहा सहित 20 छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि अपनी टीम की तरफ से प्रदेश में जनपद को नंबर वन पर लाने का प्रयास करेंगे।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उमेश कुमार निगम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय सत्येंद्र नाथ, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजकुमार त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे।

### ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में 4 घंटे में गुमशुदा बच्चा को सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा 4 घण्टे के अन्दर गुमशुदा बच्चा को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि महर्षि वाल्मीकि आश्रम असावर देवी माता मंदिर लालापुर में अंतिम सोमवार को लगने वाले मेले में एक दो वर्षीय बच्चा अपने माता-पिता, परिजन से बिछड़ गया था। बच्चे के माता-पिता गांव के अनेकों लोगों के साथ मेले में आए थे जो लापरवाही से अपने बच्चे को मेले में ही छोड़कर घर चले गए थे। बच्चा पुलिस को मेले में रोता हुआ मिला। खोज खबर करके बच्चे के माता-पिता का पता किया गया जो अपने बच्चे को खोजते हुए करीब चार-पांच घंटे बाद पुनः मेला स्थल आए और अपने बच्चे को पहचाना। बच्चे का नाम सूरज रैदास पुत्र मनीष जो ग्राम कोपा थाना मऊ का रहने वाला है। उसके पिता मनीष रैदास, माता रंजना, दाई मुन्नी देवी, दादा अमृतलाल, कल्लू राम, निवासीगण कोपा की उपस्थिति में बच्चे को उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

# दोबारा ओलावृष्टि गिरने से किसान हुए बेहाल

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के सोनामऊ आदि के क्षेत्रों मे मंगलवार को पुनः आंधी तूफान तेज हल्की वारिस के दौरान ओलावृष्टि ने किसानों को दुबारा झकझोर दिया। कुछ दिन पूर्व ब्लाक जसपुरा के क्षेत्र में भारी तूफान, हल्की बारिस ,सत्तर प्रतिशत बड़े-बड़े ओला खेतो में पड़े थे जिससे खड़ी फसल ज्यादा मात्रा में नष्ट हुई थी। बड़े बड़े पेड़ भी टूटकर दूसरी जगह पडे थे तथा रोड से पेड़ को जेसीवी के जरिये प्रशासन हटवाए थे परन्तु आज पुनः प्रकृति ने किसानों के ऊपर मार दी है वही किसान शिवदत्त तिवारी सोनामऊ ने बताया कि आज 20 मिनट तक बड़े बड़े ओला पड़े। जिससे सैकड़ो बीघा की खड़ी फसल सरसो, मटर, चना आदि ओलावृष्टि से सत्तर प्रतिशत फसल नष्ट हो गई हैं। वही रज्जू किसान गौरीकला ने बताया कि केवल आठ बीघा खेत है जिसमें से पांच बीघा के आसपास फसल बोई हुई थी। आज के ओलावृष्टि से दुबारा फसल खराब हो गई है अब खाने के लिए कुछ नही बचा है। बिन्दा प्रसाद नुनहा डेरा गड़रिया किसान ने बताया कि केवल साढ़े तीन बीघा खेत था आज के ओला पड़ने से फसल नष्ट हो गई है अब इसके अलावा कुछ नही बचा है। वही विमल मिश्रा, श्रीराम सविता, मोहन विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, लवकुश बाजपेई, शिवदत्त तिवारी निवासी सोनामऊ आदि ने बताया कि सबसे ज्यादा आज की ओलावृष्टि से मटर, लाही, सरसो, चना आदि की फसल ज्यादा मात्रा में खराब हो गई हैं। मटर के दाने फटकर नष्ट हो गए है। वही कल्लू किसान रामपुर ने बताया कि रामपुर हार, जसपुरा हार की फसल आज के ओले से काफी नुकसान हो गया है वही किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि पहले भी किसानो की फसल मटर, लाही, सरसो, चना, आदि की फसल खराब हुई थी और आज के ओले पड़ने पर दुबारा फसल खराब हो गई है जिस से भारी मात्रा में किसान दुखी है किसान यूनियन के अध्यक्ष ने पुनः सरकार से किसानों की सहायता करने की अपील की है।

# किसान ने कीटनाशक दवा गटकी : मौत, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

खेत स्थित ट्यूवबेल में किसान ने कीटनाशक दवा गटक लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। शव देखते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी शिवनाथ (47) पुत्र सुक्खा किसानी करता था। वह ट्यूबवेल में मकान बनाकर रहता था। वही पर बकरी भी रखे था। सोमवार की रात पारिवारिक भतीजे शराब के नशे में झगड़ा कर रहे थे। इस पर शिवनाथ के भाई रिटायर्ड लेखपाल गफूर चंद ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। गफूरचंद्र एक निमंत्रण में चला गया। भतीजे वही ट्यूबबेल में रूक गए थे। रात को गफूर का पुत्र स्वतंत्र अपने बहनोई को स्टेशन छोड़ने के बाद ट्यूबबेल पहुंचा देखा तो शिवनाथ चारपाई में मृत पड़ा हुआ था। जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। भतीजो का कहना था की दवा के धोखे कीटनाशक दवा पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई गफूर चंद्र का आरोप है कि शराब पीकर झगड़ा किया।

# गोकशी एवं गो-तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

गांव के बाहर पेड़ के नीचे बंधे दो सांडों की गर्दन काटकर बेरहमी से मारने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन अन्तर्राज्यीय गौर तस्कर पकड़े गए हैं। जिनके पास से तमंचे और छूरे भी बरामद हुए है।

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 4 फरवरी को वादी सूबेदार कोल पुत्र गंगाप्रसाद कोल निवासी ग्राम महरजा ने सूचना दी कि उसका एक सांड व दादूलाल पुत्र मुन्नीलाल कोल का एक सांड गांव के बाहर पेड़ के नीचे बंधे थे। कोई अज्ञात व्यक्ति वहाँ से ले जाकर करीब 400 मीटर दूर महरजा जंगल में काट कर उसका मास ले गया। सांड को काटने के स्थान पर सांड का सर, मांस व खाल पड़ी है। इस सूचना पर थाना बरगढ़ में गौ वध निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ व प्रभारी एसओजी को गौ-वध का पर्दाफाश करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक



चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरण सिंह को भी जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

मंगलवार को थाना बरगढ़ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चन्नाड की तरफ जाने वाली कच्ची सड़क से एक स्कार्पियों में सवार 3 बदमाशों को घेरा बन्दी व आवश्यक बल प्रयोग कर पकड लिया। जिसमें मोहम्मद फैजान निवासी अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज, मोहम्मद नैस निवासी खेढुवा थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, सद्दाम निवासी मरियाडीह थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज के पास से तमंचा, कारतूस, छूरा व स्टील राड बरामद हुए। साथ ही पकड़ी गई स्कार्पियों का नम्बर भी फर्जी पाया गया। जांच में यह नम्बर एक बाइक के नाम पंजीकृत पाया गया। पूछतांछ के दौरान पकड़े गये ने बताया कि वह सब गाय बैलो को इन हथियारो से काटकर उनका मांस इसी स्कार्पियो में रखकर बेचने ले जाते है। सभी लोग बेचे हुए गौ मांस का पैसा आपस में बाट लेते है।

आरोपियों ने बताया कि बीती 3 व 4 फरवरी को उन सभी लोगों ने मिलकर दो साड़ को महरजा गाँव से बाड़ा से निकाल कर ले गए थे। सुनसान जगह पर ले जाकर बेरहमी से उनके पैर रस्सी से बांध कर उन्हे गिराकर काट दिये थे, परन्तु गाँव का एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। इसके चलते वह लोग मौके पर भाग गए थे।

गिरफ्तारी के दौरान बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, उप निरीक्षक पवन कुमार प्रधान, रामआधार सिंह, मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, रंजीत यादव, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# ओवरटेक के चक्कर में ट्रक को मारी टक्कर, खलासी की मौत

### चालक की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने मोरम लदे ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक खलासी की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चला रहा मृतक का बड़ा भाई घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाराबंकी के लालपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र (32) पुत्र रामकेश ट्रक चलाता है। उसका छोटा भाई राजकुमार (25) खलासी का काम करता था। सोमवार की रात वह रामपुर गिरवां से ट्रक में मोरम लादकर फतेहपुर जा रहे थे। तभी पपरेदा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे राजकुमार की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक हरिश्चंद्र घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था वह तीन भाईयो में दूसरे नबंर का था। अचानक हुई इस घटना से मां रामा देवी समेत परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# नानाजी की चौदहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के साथ हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

भारत रत्न नानाजी देशमुख के स्मृति चिन्ह के रूप में दीनदयाल परिसर चित्रकूट में श्रद्धा स्थल पर उनकी 14वीं पुण्यतिथि को देश भर के विविध क्षेत्रों से समान उद्देश्य वाले कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों एवं नानाजी के प्रति आस्था रखने वाले लोगों ने चित्रकूट पहुंच कर नानाजी के श्रद्धा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान पूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एक दिन पूर्व ही नानाजी को श्रद्धांजलि देने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण दीनदयाल परिसर में आने लगे थे। पंडित दीनदयाल पार्क में बने नानाजी के श्रद्धा स्थल पर पुष्पांजलि का दौर चलता रहा, वहीं दूसरी ओर श्रीरामचरितमानस पाठ का हवन पूजन कार्यक्रम में भी लोग अपनी आहुति पूर्ण कर रहे थे। दीनदयाल परिसर के ग्राउंड में भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम साधु-संतों के प्रसाद से प्रारंभ होकर अनवरत देर शाम तक चलता रहा।

भण्डारा के दौरान विवेकानंद सभागार में ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं सुरेन्द्रपॉल विद्यालय के संगीत विभाग एवं बच्चों द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई।

**सियाराम कुटीर में भी हुआ पुष्पार्चन**




देशभर के कई स्थानों से नानाजी से जुडे हुए तथा उनके कार्य के प्रति आस्था रखने वाले लोगों ने चित्रकूट आकर नानाजी के आवास सियाराम कुटीर में भी जाकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संत महंतों ने भी अपनी पूरी टोली के साथ सियाराम कुटीर आकर नानाजी के कक्ष में पहुंचकर उनको याद किए।

**11 हजार परिवारों से 16 लाख रुपया का अंशदान तथा 66 क्विंटल अनाज का हुआ संकलन**

नानाजी ने जिस तरह आम जनता की पहल और पुरुषार्थ से चित्रकूट में जो सामाजिक पुनर्रचना का काम खडा किया है, उसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी उन्होंने सुनिश्चित करने का प्रयास किया था, उसी भागीदारी को बरकरार रखने के लिए नानाजी की 14 वीं पुण्यतिथि को होने वाला विशाल भंडारा प्रसाद आम जनमानस के एक मुट्ठी अनाज एवं एक रूपये अंशदान सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ताओं की टोली मझगवां एवं चित्रकूट जनपद के अधिकांश गांव एवं घरों तक पहुंची। इसमें संत समाज ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। जिसमें 11 हजार 52 परिवारों से प्रत्यक्ष संपर्क के दौरान 16 लाख 75 हजार 72 रुपया का अंशदान तथा 66 क्विंटल अनाज का संकलन हुआ।

### सड़क हादसो में किसान समेत दो की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दो बाइको में आमने सामने भिडंत हो गई। इसमें बाइक सवार किसान की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सतना जिले के चुआखेरवा गांव निवासी रामलखन पांडे (70) पुत्र रामसनेही अपने पड़ोसी नंदकिशोर (35) के साथ बाइक में बैठकर राजाड़ाडी फतेहगंज साले सालिगराम के दो पुत्र संगम और अतुल के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। सोमवार की रात कार्यक्रम निपटाने के बाद दोनो लोग बाइक से वापस गांव जा रहे थे। तभी फतेहगंज के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिडंत हो गई। जिससे दो लोग घायल हो गए। उन्हे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# रोडवेज बस में हुई महिला की डिलीवरी

### कंडेक्टर-ड्राइवर ने दिखाई सूझबूझ, पहुंचाया अस्पताल

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



बांदा डिपो के रोडवेज बस के ड्राइवर और कंडेक्टर ने सारे नियमों को तोड़कर मानवता की मिसाल पेश की है नो एंट्री में पुलिस वालों ने रोका भी और चालान की धमकी भी दी पर सब कबूल करते हुए यह लोग सवारी से भरी बस लेकर अस्पताल पहुंच गए और बस में बैठे जच्चा बच्चा को सुरक्षित जिला महिला अस्पताल के डॉक्टर के हवाले कर दिया।

दरअसल चित्रकूट जिले के भरतपुर थाना अंतर्गत भरसौंदा गांव के रहने वाले मजदूर परिवार कटाई के काम से मटौध थाना अंतर्गत इचैली गांव आए थे जो वापस अपने गांव जाने के लिए मटौन्ध से बांदा डिपो की रोडवेज बस में बैठे थे तभी अचानक प्रसूता के पेट में दर्द उठने लगा जिसकी जानकारी कन्डेक्टर को हुई कंडक्टर ने ड्राइवर से कहा कि बिना देर करते हुए बस को सीधा अस्पताल पहुंचाओ और कंडक्टर ने इसकी जानकारी जिला अस्पताल के डॉक्टर को फोन पर दी पर प्रसूता ने चलती बस में खैराडा के पास एक बच्ची को जन्म दे दिया जिसकी सहायता बस में बैठी सवारियों ने की इसके बाद ड्राइवर और कंडक्टर बस लेकर जिला अस्पताल के लिए मुड़े पर जिला न्यायालय मोड पर पुलिस वालों ने बस रोक ली और कहा नो एंट्री में नहीं जाने देंगे अगर बस निकाली तो चालान करेंगे पर ड्राइवर और कंडक्टर ने इस बात की परवाह न करते हुए जच्चा-बच्चा को सुरक्षित महिला अस्पताल पहुंचाया और वापस अपने रूट को चले गए।

# हत्या की घटना का हुआ खुलासा महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

घर के अन्दर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में मृतक की पत्नी और तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें मृतक की पत्नी के प्रेमी द्वारा घर में सो रहे युवक की हत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने मंगलवार को कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बीती 18 फरवरी को वादी रामशरण पुत्र स्व छोटेलाल निवासी फाटापुरवा मजरा रसिन द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी भांजी पिंकी सुबह भैस दूहने के लिये रामबाबू के घर गई तो दरबाजा अन्दर से बन्द था। रामबाबू की पत्नी व बच्चे कंठीपुर गये हुये थे। पिंकी के बताने पर रामशरण व भतीजा कंचन आये और बाहर सीढी लगा कर छत के सहारे अन्दर गये और दरवाजे के सिटकनी खोलकर देखा तो रामबाबू अपने विस्तर पर लेटा हुआ था, बिस्तर पर खून पड़ा था। उसको की गोली लगी थी तथा मृत अवस्था मे था।

इस सूचना पर थाना भरतकूप में अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए उन्होंने थानाध्यक्ष भरतकूप व प्रभारी एसओजी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी सदर हर्ष पाण्डेय को भी जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। विवेचना के बाद पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को इलियास खान को टिकुरी मोड पर वाहन का इन्तजार करते समय पकड लिया।

# प्रिंट रेट से अधिक में न बेंची जाए शराब : पाठक

**जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट**

मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने मंगलवार को आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा के साथ देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्धारित दरों में ही शराब बिक्री करने के निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अधिकारियों ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने मध्य प्रदेश की सीमा से लगे हुए क्षेत्र की शराब दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने लपांव और बरगढ़ की दुकानों के निरीक्षण के दौरान स्टॉक चेक किए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टॉक रजिस्टर के अनुरूप शराब की उपलब्धता दुकान में होनी चाहिए। नियमित रूप से बिक्री का




रजिस्टर दुरूस्त रखा जाना चाहिए। साथ ही शराब बेचनें के बाद किसी भी व्यक्ति को दुकान में बैठकर पीने की अनुमति न दी जाए। इसके अलावा मिलावटी शराब की बिक्री किसी भी हालत में न की जाए। इसकी शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित दरों में अंकित मूल्य पर ही शराब की बिक्री की जाए। अंकित मूल्य से अधिक पैसा नहीं लिया जाना चाहिए। साथ ही ठेकों के पास सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए।

### बरात में श्रमिक की करंट से मौत, रोड लाइट लेकर चलते समय हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में रोड लाइट लेकर बरात में चल रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने रोड लाइट संचालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फतेहपुर जिले में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बलुवापुर गांव से बरात लेकर रोड लाइट के साथ थाना क्षेत्र के लालीपुर निवासी श्रमिक मोहन शहर के राधा नगर थाना क्षेत्र के गांव मदरियापुर आए थे। बरात के साथ रोड लाइट लेकर चल रहा मोहन अचानक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने रोड लाइट संचालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक दिवसीय जीपीडीपी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पिरामल फाउंडेशन द्वारा जिला पंचायती राज विभाग के सहयोग से मंगलवार को मानिकपुर, रामनगर और पहाड़ी के 45 प्रधानों की एक दिवसीय जीपीडीपी कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम में ट्रेनर की भूमिका में कार्यक्रम प्रबंधक अनिल शुक्ला रहे। प्रशिक्षण में जीपीडीपी फोरम का गठन और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही एक मॉडल ग्राम पंचायत का वीडियो के माध्यम से एक गांव का उदाहरण देकर प्रधानों को उनके ग्राम से जोड कर बताया गया। साथ ही अनिल शुक्ला ने लो कॉस्ट, नो कॉस्ट थीम की भी विस्तृत चर्चा की। पिरामल संस्था द्वारा अनिल शुक्ला के नेतृत्व में इसके पूर्व भी दो प्रधानों को राजस्थान के झुंझुनू (पिरामल ग्राम) भेजा गया था, जिसका अनुभव भी प्रधानों द्वारा साझा किया गया। इस मौके पर विमल, फेलो जयराज, लक्ष्मी गिरी, हर्षिता, गौरव और मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, पहले एक दिनों में आसमान साफ रहेगा और शेष दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 25.6 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 10.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 93 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0


- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# साइबर लुटेरों की ठगी से बच गए कनपुरिया नेता वीरेंद्र

**✻ व्हाट्सएप कॉल के जरिये बेटे को रेप व छेड़छाड़ का आरोपी बता छोड़ने की एवज में मांगे थे साठ हजार**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





शहर के एक चर्चित नेता मंगलवार को साइबर लुटेरों के गैंग की ठगी का शिकार होने से बच गए, हालांकि अच्छे-अच्छे लोग इन लुटेरों से नहीं बच पाते हैं लेकिन साइबर लुटेरों ने जिस शख्स को फोन किया था वह शख्स दिव्यांगों के प्रति अपना जीवन समर्पित करने वाले शहर के ही नहीं उत्तर प्रदेश स्तर के चर्चित नेता वीरेंद्र कुमार हैं, ठगी का शिकार होने से बचे वीरेंद्र कुमार ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की लेकीन विफल रहे। उन्हें साइबर सेल वालों ने गुजैनी थाने जाने को कहा जहां पर देर रात तक उनका मुक़दमा दर्ज नहीं किया जा सका था।

ज्ञातव्य हो कि कानपुर नगर में लाखों दिव्यांगों का बेड़ा पार कर चुके वीरेंद्र कुमार राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। आए दिन दिव्यांगों के लिए बड़े-बड़े आंदोलन करके उन्हें सरकार से हर यथासंभव मदद दिलाने के साथ ही न्याय दिलाने का काम करते हुए नजर आते हैं। मंगलवार को वीरेन्द्र कुमार के व्हाट्सएप नम्बर पर व्हाटशप नम्बर 923090238118 से फोन आया जिसमें कहा गया कि लखनऊ से एस0आई0 बोल रहा हूं। आपका लड़का जैनिस गौतम अपने दोस्तों के साथ छेड़छाड़ व बलात्कार के मामले में पकड़ा गया है। ये बेगुनाह लग रहा है। बेटे की आवाज में रोने व बचा लेने की आवाज को भी सुनवाया गया कहा गया कि ले दे के मामला सुलझ सकता है। आप साठ हजार रूपया मेरे गुगल नम्बर 7320833460 पर भेज दें हम आपके बेटे से बात करवा कर उसे छोड़ देंगे वरना आजीवन कारावास व लाखो रूपया जुर्माना लगेगा। कुछ समय के लिए तो वीरेंद्र कुमार घबरा गए लेकीन मामला भांप गए और अपने बेटे से बात की तो पता चला कि वह घर पर है,उन्होंने तत्काल इस मामले को लेकर साइबर सेल में आनलाईन शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश की, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं हो सकी। उसके बाद प्रार्थना पत्र साइबर सेल रेल बजार में दिया, सेल ने शिकायत दर्ज करने की बजाय गुजैनी थाने भेज दिया है। वीरेंद्र का कहना है कि इस तरह आम आदमी परेसान होता है। वीरेन्द्र कुमार ने सभी नागरिको से अपील की है कि इस तरह की ठगी का शिकार होने से बचें। पहले फोन पर आने वाली काल की पुष्टि कर ले, तभी कुछ करें।

**पीएम आवास के नाम पर भी हो रही ठगी**

शहर के दर्जनों लोगों ने जानकारी देते हुए बताया है कि वर्तमान समय में उन्हें सुबह 8 से लेकर 12 के बीच में अनजान लोगों के द्वारा कॉल करके बताया गया कि वह लखनऊ से बोल रहे हैं और जिसे कॉल की गई है उसका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित कर लिया गया है। हालांकि जिन्हें फोन किया गया था उनके द्वारा पीएम आवास के लिए आवेदन ही नहीं किया गया था इसलिए वह सभी बच गए।

**2023 में 291 दर्ज़ हुई हैं साईबर फ्रॉड की एफआईआर**

जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से साइबर फ्रॉड के द्वारा की गई ठगी का मुद्दा उठाया हुआ है। बीते वर्ष 2023 में कानपुर नगर में कुल लगभग 459 एफआईआर आईटी एक्ट की दर्ज की गई थी, जिनमें 291 मुकदमें साइबर फ्रॉड के हैं। मामलों के खुलासों को लेकर जो आंकड़े सामने आए हैं उसमें 5त्न भी पुलिस रिकवरी नहीं कर पाई है।

## शिवराजपुर बैरी कॉलेज मे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




बिल्हौर तहसील शिवराजपुर कस्बे में आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान जागरूक को लेकर एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

मंगलवार को रामसहाय राजकीय महाविद्यालय बैरी शिवराजपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ शिविर के माध्यम से लोगो को जागरूक कर चुनाव में भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान करना होगा शिवराजपुर कस्बे में शिविर का अयोजन किया जा रहा है मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.डॉ.अपर्णा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रो.डॉ.मोहम्मद अखलाक राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार प्रो.डॉ.अजीत कुमार सिंह प्रो.डॉ.ओजेर अजीज अधिकारी डॉ.सौरभ पोरवाल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम में शामिल रहे। इस सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा में बताया गया की स्वयंसेवकों के माध्यम से कस्बे में आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को शत प्रतिशत मतदान की अपील की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर श्रमदान कर बौद्धिक पर चर्चा सत्र के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग की के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली में संतुलित आहार का महत्व विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गई विभिन्न जिज्ञासाओं को बहुत ही सरल शब्दों में बताया के बारे में भी जानकारी दी गई थी।

## सोम गोयनका चेयरमैन व अवधेश बाजपेई किराना मर्चेंट एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

किराना मर्चेंट एसोसिएशन की आम वार्षिक बैठक नयागंज स्थित कार्यालय में संपन्न हुई जिसमे पहली बार एसोसिएशन द्वारा चेयरमैन का पद सृजित किया गया।

इस वार्षिक आम बैठक में गोल्डी मसाले के प्रबंध निदेशक सोम गोयनका को सर्व सम्मति से निर्विरोध चेयरमैन चुना गया और अवधेश बाजपेई को चौथी बार अध्यक्ष, अलंकार ओमर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विश्वनाथ गुप्ता(राजू मखाना) को प्रचार मंत्री व् अनुज कुमार गुप्ता को सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी किराना मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश बाजपेई ने दी। उन्होंने बताया की पहले किराना मर्चेंट एसोसिएशन में चेयरमैन का कोई भी पद नहीं होता था लेकिन अबकी बार गोयनका के लिए विशेष रूप से चेयरमैन पद का सृजन किआ गया एवं उन्हें सर्व सम्मति से एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दादा नगर कोआपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, गोल्डी समूह के प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कुमार गुप्ता, व किराना बाजार के व्यापारी बंदु उपस्थित रहे उन्होंने श्री गोयनका, श्री बाजपेई तथा सभी पदाधिकारियों को बधाई दी तथा व्यापारियों व समाज के हित में कार्य करने की अपील की है।

## वनवासी बच्चों को वस्त्र और भोज्य सामग्री प्रदान की



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सब सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी नीलिमा बाजपेई, पूजा एवं साक्षी ने अनुपम बाजपेई एवं शिवांक बाजपेई की याद में बिरसा मुंडा छात्रावास, काकादेव, कानपुर में रहने वाले वनवासी बच्चों को वस्त्र और भोज्य सामग्री प्रदान की। वस्त्र एवं भोज्य सामग्री पा कर सभी बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। वस्त्र वितरण के इस अवसर पर छात्रावास के कार्यकर्ता डॉ.रमाकांत, दिनेश कुमार एवं श्यामू मिश्रा उपस्थित रहे। डॉ.रमाकांत ने सब सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के इस सहयोग के लिए मैनेजिंग ट्रस्टी नीलिमा बाजपेई को धन्यवाद दिया।

## भगवान भरोसे केस्को के कर्मचारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



इस तस्वीर देखिए कि बिना सुरक्षा उपकरणों के पेड़ों की छटाई करते हुए केस्को के कर्मचारी नज़र आ रहे हैं, ना कोई हेलमेट, ना ही चश्मा, ना कोई दस्ताने और ना ही शरीर पर सुरक्षा वाली कोई ड्रेस ना ही कोई अच्छे जूते और जब कोई हादसा या घटना घट जाती है तब प्रशासन और शासन जागता है, यह कर्मचारी भी संविदा अथवा दिहाड़ी पर कार्यरत रहते हैं, इनका कोई सामूहिक बीमा भी केस्को करता है या नही सब भगवान भरोसे है। संविदा कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य करते हैं, कोई फर्स्ट एड बॉक्स भी नही रहता कि कोई दुर्घटना होने पर इनको सही वक्त पर उपचार मिल जाये।

## ब्यूटी पार्लर संचालक के घर लाखों की चोरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चोरों के मन से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस का भय खत्म सा होता नजर आ रहा है। बीती सोमवार की रात चोरों ने ब्यूटी पार्लर संचालिका शालिनी प्रजापति के घर के ताले तोड़कर बक्से में रखे 3 लाख के जेवर व 25 से 30 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।शालिनी ने बताया कि उसके पति श्याम सिंह प्रजापति हैदराबाद में आइसक्रीम का काम करते है। वह यहां अपनी बेटी अन्नू उम्र 13 वर्ष और बेटे ऋषि उम्र 13 वर्ष दोनों जुड़वा बच्चों के साथ रखकर ब्यूटी पार्लर चलाती है। शालिनी ने यह भी बताया कि सोमवार को तिर्वा ठठिया कन्नौज में उनकी बहन के बेटे प्रांशु की बारात जानी थी इसलिए वह दोनों बच्चों के साथ रविवार को ही शादी में शामिल होने चली गयी थी। सोमवार शाम को मोहल्ले में रहने वाले एक लड़के ने उनके घर का मेन गेट खुला होने की जानकारी फोन पर दी। इस पर सोमवार रात करीब डेढ़ बजे घर वापस लौटी तो देखा कमरें का ताला टूटा हुआ पड़ा था और बक्से का भी ताला टूटा हुआ था। बक्से में रखी करीब तीन लाख की ज्वैलरी इसके अलावा बक्से के गुल्लक में रखे करीब 25 से 30 हजार की नकदी भी गायब मिली। घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी। बिठूर पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया है।

## नहर मे मिला अज्ञात महिला का शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र स्थित बरईगढ़ नहर में अर्धनग्न अवस्था में अज्ञात महिला का शव झाड़ियों में फसा देख हड़कंप मच गया।मामले की जानकारी होते ही स्थानीय लोगों व राहगीरों की भीड़ जुटना शुरू हो गई।जहां स्थानीय लोगो ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को बाहर निकलवाने के दौरान पीएम के लिए भेज दिया है।वही पुलिस मामले की जांच कर मृतका की शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक साढ़ थाना क्षेत्र स्थित बरईगढ़ नहर में कल एक महिला का शव झाड़ियों में फसा उतरा रहा था।

## प्रेमी की शादी के बाद प्रेमिका फांसी पर झूली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवती ने दो पन्ने का नोट लिख सुसाइड किया है, पुलिस जॉच में जुट गई है।

मूल रूप से साढ़ थाना क्षेत्र के चंदौली निवासी संगीता यादव पुत्री राम नारायण यादव कल्याणपुर के अंबेडकरापुरम में मनोरमा देवी के मकान में छह माह पहले रहने आई थी। मकान मालिक मनोरमा के अनुसार के अनुसार मंगलवार सुबह संगीता का शव पंखे से दुपट्टे के साहारे लटका मिला।घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और फॉरेंसिक टीम को घटना की सूचना। परिजनों के पहुंचने पर कोहराम मच गया किया।

हर कोई बस यही कह रहा था कि बिटिया बड़ी हंसमुख थी। मकान मालिक के अनुसार कमरा किराए पर लेते समय मृतिका ने अपने आप को शादी शुदा बताया था। युवती के एक युवक भी रहता था जो अपने आप को युवती का पति बताता था। मृतिका के भाई अमित यादव ने बताया संगीता नगर निगम में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है।प्रेमी युवक विकास भवन में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। भाई के अनुसार सोमवार को प्रेमी युवक की किसी अन्य युवती से शादी थी। शादी में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को निमंत्रण दिया था। मृतिका ने सोमवार को प्रेमी के शादी समारोह में जमकर डांस भी किया। उसके बाद यह घटना हो गई। फॉरेंसिक ने मौके पर साक्ष्य एकत्रित किए।

घटना पर पहुंचे एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि कल्याणपुर थाने की पुलिस और वाराणसी टीम मौके पर जांच करने पहुंची थी जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है इसमें संगीता ने मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराया है इसके साथ ही लिखा है कि नगर निगम से मेरी बकाया सैलरी ले लेना मेरे खाते में जमा रकम दोनों भाई आदि आदि बात लेना इसके साथ ही अपने मम्मी पापा को सॉरी बोला है।

## आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का सांसद पचौरी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** मंगलवार को सांसद सत्यदेव पचौरी ने चुन्नीगंज में निर्माणाधीन आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया एवं नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के साथ करके कार्य प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि इस साल जुलाई तक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा और यह सेंट्रल एक्टिविटी हब इंडस्ट्रियल सिटी का खास आकर्षण होगा। उन्होंने कहा कि 95 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से महानगर के औद्योगिक स्वरूप में चार चांद लगेंगे। सांसद ने कार्यदायी संस्था एमएचपीएल इंडिया के निदेशक प्रणीत अग्रवाल से कार्य प्रगति के बारे में जानकारी लिया। बताया कि एमएचपीएल इंडिया का कार्य उत्कृष्ठ व संतोषजनक है।

**कन्वेंशन सेंटर में होगी ये सुविधाएं**

आधुनिक कन्वेंशन सेंटर में 300 लोगों के बैठने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक सभागार 16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल होगी, 12 हजार वर्ग एरिया में प्रदर्शनी हॉल बनाया जाएगा। सम्मेलन कक्ष तीन संख्या- 100 क्षमता बैठक कक्ष, छह अतिथि कमरे, दो सुइट अतिथि कमरे, फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, आठ व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र और रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधाएं होंगी।

## भक्तों को अयोध्या स्पेशल दर्शन कराने गए ड्राइवर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना चकेरी अंतर्गत अहिरवा निवासी इलेक्ट्रॉनिक बस डिपो के एक ड्राइवर को स्पेशल ड्यूटी के लिए अयोध्या में राम भक्तों को दर्शन के लिए विभाग ने भेजा था। जिसकी अचानक तबीयत खराब होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई, मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर मुआवजे की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक मृतक के चाचा श्याम बाबू पाल ने बताया कि उनका भतीजा सुरेंद्र पाल अयोध्या राम मंदिर लोकार्पण के दौरान कानपुर से स्पेशल ड्यूटी पर गया था और भक्तों को भगवान श्री राम के दर्शन कराने की ड्यूटी कर रहा था 16 फरवरी को छुट्टी पर अपने घर आया और छुट्टी खत्म कर 21 फरवरी को अयोध्या वापस गया और अचानक उसकी तबीयत खराब हुई साथियों ने उसे उपचार के लिए लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सही उपचार न होने के कारण परिजनों ने कानपुर के हृदय रोग संस्थान कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि बस ड्राइवर स्पेशल ड्यूटी पर गया और उसकी तबीयत के खराब होने के बाद मौत हो गई विभाग के अधिकारियों को जब मौत की जानकारी दी गई उसके बावजूद भी कोई नहीं आया परिजनों का कहना है कि वह इंतजार कर रहे हैं कि इलेक्ट्रॉनिक बस के अधिकारी मृतक के घर आए और उनसे बात कर मृतक के बच्चों और पत्नी के जीवन यापन के लिए मदद करें अगर उनकी मांगे न मानी गई तो पीड़ित परिजन उच्च अधिकारियों के पास जाकर अपनी बात कहेंगे। और मृतक बाद ड्राइवर सुरेंद्र पाल के बच्चे और पत्नी को भरण पोषण के लिए गुजारिश करेंगे।

## कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल अवशेष योजना के अंतर्गत मंगलवार को एक दिवसीय ग्राम बहावलपुर गांव में कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने किसानों से गेहूं के खेत में किस्मों के विविधीकरण और फसल कटाई के बाद के प्रसंस्करण और प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों के खेत में नई किस्मों को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत ने किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उनके प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। इस अवसर पर मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने किसानों से फसल अवशेषों को अपने खेतों में सड़ाने गलाने की बात कही।

जिससे मिट्टी उर्वरक बनी रहे। उन्होंने मिट्टी में जीवांश कार्बन बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर गृह वैज्ञानिक डॉ.निमिषा अवस्थी सहित एक सैकड़ा से अधिक किसान मौजूद रहे।

**दबंग ने बुजुर्ग रिक्शे वाले पर बरसाई लाठियां**



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीती रात थाना नजीरबाद क्षेत्र की आर के नगर चौकी क्षेत्र मे एक दबंग कार चालक ने बुजुर्ग रिक्शे वाले सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया। बात सिर्फ इतनी सी थी कि बुजुर्ग रिक्शे वाला अपने रिक्शे पर बैठ कर कुछ खा रहा था तभी पीछे आई कार वाले ने उसे उसे हॉर्न दिया जिस पर रिक्शे वाले ने बोला कि बस बढ़ा रहा हूं। लेकिन जब तक रिक्शे वाला अपना रिक्शा बढ़ाने उतरा तो कार चालक ने पैसे की गर्मी मे रिक्शे वाले को मारना शुरु कर दिया। कार चालक की उस जगह दुकान भी थी जिसमे काम कर रहे युवकों ने भी रिक्शे वाले को जमकर पीटा था। लाठी डंडों की पिटाई से बुजुर्ग रिक्शे वाले के हाथ और सिर पर गंभीर चोटे भी आई और वो लहूलुहान भी हो गया था। हैरत की बात तो यह है कि जब डरा घबराया बुजुर्ग रिक्शे वाला पास की चौकी मे पहुंचा तो आर के नगर चौकी मे रात 8 :31 पर ताला लगा हुआ था। जिसके बाद चोटहिल बुजुर्ग रिक्शे वाला अपना ईलाज कराने चला गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग चौकीदार की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना पनकी इलाके में स्थित मौरंग मंडी में मंगलवार को बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। पनकी एसीपी तेज बहादुर ने बताया कि पनकी इलाके में स्थित मौरंग मंडी में विजय वाल्मीकि नाम का एक बुजुर्ग चौकीदारी करता था। मृतक विजय वाल्मीकि शराब का लती था और रोजाना शराब पिया करता था उसे मिर्गी के दौरे आते थे। सोमवार देर रात भी मृतक विजय वाल्मीकि घर से खाना खाकर आया और अपनी झोपड़ी में सो गया सुबह जब लोगों ने उनको मृत अवस्था में पाया तो क्षेत्रीय थाना पनकी में सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं और घटना की जानकारी कर रही है।

## काकादेव मे मेट्रो का कार्य शुरू होने से व्यापारियों के कारोबार ठप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



एवन मार्केट काकादेव में मेट्रो का कार्य शुरू होने से व्यापारियों के कारोबार व् ठप हो गए हैं, रोड ब्लॉक होने से ग्राहकों की आवाजाही बंद हो गईं है, जिस कारण दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है कि अब तीन वर्षों तक वह अपना व परिवार का जीवन यापन कैसे करेंगे, प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे कर्मचारियों के रोज़गार की समस्या उत्पन हो गई है, इन्ही सभी समस्याओं से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए व्यापारियों ने पकवान रेस्टोरेंट में एक मीटिंग आयोजित की। इस दौरान तय किया गया कि अपनी समस्याओं को क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी से मिलकर सभी व्यापारी अवगत कराएंगे, व्यापारियों को उम्मीद है कि विधायक सुरेंद्र मैथानी लंबे अर्से तक काकादेव पांडु नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे हैं, इसलिए वह उनकी समस्याओं को अच्छी तरह समझेंगे व व्यापारियों की हर संभव मदद करेंगे, मीटिंग में मुख्य रूप से अशोक गुप्ता (पूर्व महामंत्री), श्याम शुक्ला (पूर्व उपाध्यक्ष), पवन भसीन (पूर्व मंत्री), सोम दत्त गुप्ता(पूर्व सचिव) काकादेव पांडु नगर व्यापार मंडल, कमलेश शर्मा, दुर्गा प्रसाद, प्रदीप कुमार दीक्षित, विकास बाजपाई आदि लोग मौजूद रहे।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 14°C |
| कानपुर | 28°C | 13°C |
| देहरादून | 22°C | 10°C |
| नई दिल्ली | 25°C | 12°C |

# राजकीय महाविद्यालयों में 1.71 करोड़ रुपये से खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा। इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े।

### प्रत्येक महाविद्यालय को मिलेंगे एक लाख रुपए

प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे।

### गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस राशि का उपयोग हर हाल में 31 मार्च 2024 तक किया जाना है। स्वीकृत राशि बैंक खाते में नहीं रखी जाएगी एवं इसका व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानें एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा। कार्यों का सम्यक परीक्षण नियमानुसार किया जाए एवं कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके संबंध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है।

# वन अधिकारियों की मिली भगत से हरे पेड़ों की चढ़ा दी बलि

- 12 पेड़ों की परमिट बनवाकर काटे करीब 38 से 40 पेड़ों की आम की बाग
- सूत्र खसरे पर करीब दर्ज हैं 40 पेड़

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



वन रेंज दुबग्गा के कुछ अधिकारियों की सहपर हरे भरे 25 वर्षीय जवान पेड़ों पर लकड़कट्टों ने आरा चलवाकर उनकी बलि चढ़ा दी, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुसमौरा हलवापुर निवासी बैजू रावत की एक बीघा आम की बाग है, जिसे बचपन से लेकर जवान होने तक पाला जिस पर बौर यानी फसल आ गई थी, उन पेड़ों को लकड़कट्टों व वन रेंज के संबंधित अधिकारियों ने हस्ट-पुस्ट हरे-भरे जवान पेड़ों को रोग ग्रस्त व फलहीन दिखाकर संबंधित अधिकारियों को गुमराह कर ली 12 पेड़ों की परमिट और काट दिए करीब 40 पेड़ जबकि राजस्व अभिलेखों के खसरे पर दर्ज हैं करीब 40 आम के पेड़ की बाग, जब इस संबंध में वन दरोगा विनोद से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि 12 पेड़ों की परमिट है, जितने पेड़ों की परमिट होती है वह उतने ही काटते हैं यह दरोगा जी का कहना है, वही सूत्रों की माने तो लकड़कट्टे कालीदीन, आलिम व पप्पू वन रेंज के आशीर्वाद से पहले 15 पेड़ों को काटा, जिसके ठूंठ 26 फरवरी दिन सोमवार तक मौजूद थे और 8 पेड़ों के ठूंठ को जमीन में बंद कर दिया, बचे करीब 15 पेड़ों की बलि सोमवार की रात्रि को दे दी, जब इस संबंध में वन रेंज दुबग्गा की सोनम दीक्षित से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि मैं छुट्टी पर हूं अनुज प्रताप देख रहे हैं, आप उनसे बात कर लीजिए जब मैंने उनसे जानकारी करनी चाहिए तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# औद्योगिक विकास मंत्री ने दिए निर्देश, बोले, लैंड बैंक बढ़ाएं, छोटे-बड़े उद्यमियों का डाटा तैयार करें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को पिकप भवन सभागार लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारयों के साथ बैठक कर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति बनाने के लिए अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है, जहां सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे हैं। सर्वाधिक पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट, डोमेस्टिक एयरपोर्ट वाला राज्य बनने के साथ ही सड़क, हाईवे, बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। इसलिए यहां पर बड़े निवेशक आ रहे हैं। आज प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों को सजाने और संवारने का काम हो रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सभी अधिकारी जुट जाएं। बैठक में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। जिसके क्रम में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए अधिकृत कंसल्टेंट कंपनी डिलाइट टीम द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया। बैठक में लैंड बैंक बढ़ाने, छोटे - बड़े उद्यमियों का डाटा तैयार करने के लिए उद्यमी मित्र के साथ ही जीएम डीआईसी को लगाने पर चर्चा हुई। लैंड पूलिंग पॉलिसी पर भी चर्चा हुई। मंत्री नन्दी ने कहा कि ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर, अनऑर्गेनाइज्ड सेक्टर एवं प्राइवेट सेक्टर के उद्यमियों की सूची तैयार की जाए। बैठक में जेडबल्यूएस, अमूल आदि इन्वेस्टर्स की समस्याओं को तत्काल हल करने पर चर्चा हुई। बैठक में ईवी के क्षेत्र में ओला के साथ बातचीत होने की भी चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्षों के योजनाबद्ध प्रयासों से वर्तमान में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था सबसे अच्छी स्थिति में है। राज्य का कुल सकल राज्य घरेलू उत्पाद, जो वर्ष 2021-22 में 16.45 लाख करोड़ था, वर्ष 2022-23 में बढ़कर 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय आय में 9.2 प्रतिशत योगदान के साथ उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, जो देश के आर्थिक विकास के मुख्य चालक के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2021-22 में वर्तमान और स्थिर कीमतों पर उत्तर प्रदेश की विकास दर क्रमशः 20.1 प्रतिशत तथा 9.8 प्रतिशत थी, जबकि देश की विकास दर 18.4 प्रतिशत तथा 9.1 प्रतिशत थी।

# बागी विधायकों पर कार्रवाई होगी, मैं किसी की अंतरात्मा के बारे में नहीं जानता: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार को वोट करने वाले सपा विधायकों पर पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी क्योंकि पार्टी के साथियों का मानना है कि ऐसे लोगों को दूर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ वोट करने के लिए साहस की जरूरत होती है। सपा विधायकों के बागी होने पर उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से किसी को धमकाया गया होगा। किसी को कुछ ऑफर दिया गया होगा। किसी को सुरक्षा चाहिए होगी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि सुनने में तो ये भी आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। अब ये डील कितनी बड़ी है मैं नहीं जानता। सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह पर अखिलेश यादव ने कहा कि मैं किसी की अंतरात्मा के बारे में नहीं जानता। जो जा रहे हैं उन्हें जरूर कोई लाभ मिला होगा लेकिन ऐसे लोगों पर कार्रवाई निश्चित होगी। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में सपा के करीब छह विधायकों ने पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है। सपा के मुख्य सचेतक व विधायक मनोज पांडेय ने तो अपने पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा प्रत्याशी को वोट किया।

# वार्डो में गंदगी का अंबार, नहीं सुनते जिम्मेदार

- वार्ड के नागरिक गंदगी से परेशान, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ





लखनऊ जिले की नगर पंचायत महोना के लोगों को शहरी क्षेत्र होने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। साफ-सफाई के अभाव में जहां कूड़ा जमा है, वहीं जल निकासी के लिए बनी नालियां कचरे से पटी पड़ी हुई हैं। इन वार्डो में मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार लापरवाह बनें हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहें हैं। बताते चले कि वार्ड नंबर 5 गढ़ी मोहल्ला में निवासियों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस वार्ड के निवासियों राम कुमार व मकरंद मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर 5 व 7 में सफाई कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर चले जाते है और नालियों में गंदगी पटी रहती है। इस वार्ड में साफ़ सफ़ाई ना होने से वार्ड की नालियां गंदगी से पटी पड़ी हुई हैं। वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल हैं। इसके चलते नगर के वार्ड में चारो तरफ गंदगी पसरी है। गंदगी के चलते मच्छरों के आंतक बढ़ने से लोग परेशान है।

# अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री से की ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी जी से आज उनके सरकारी आवास पर भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएम ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश और ऑस्ट्रेलिया के मध्ययूपीजीआईएस-2023 तथा जीबीसी-4.0 में किये गये निवेश एवं निष्पादित एमओयू के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा आयात निर्यात के बारे में वैचारिक आदान प्रदान हुआ।इस अवसर पर श्री अंसारी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। इन संबंधों को प्रगाढ करने में उत्तर प्रदेश की हमेशा से सकारात्मक भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया और उत्तर प्रदेश सरकार द्वार एक साथ काम करने से दोनों देशों के राजनैतिक और आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे, जिससे रोजगार और विकास के नए द्वारा खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में उत्तर प्रदेश अन्य क्षेत्रों में भी आस्ट्रेलिया के साथ बेहतर सम्भावनाएं तलाशने का प्रयास करेगा। श्री अंसारी ने कहा कि देश के पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को नये आयाम मिल रहे हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत और आस्ट्रेलिया के संबंधों को हर स्तर पर आगे बढ़ाने में उत्तर प्रदेश अपनी अहम भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर आस्ट्रेलियायी उच्चायुक्त ने उत्तर प्रदेश द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के साथ आयात-निर्यात से लेकर निवेश एवं औद्योगिक संबंधों को बढ़ाने पर जोर दिया।इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया उच्चायोग के सीनियर सेक्रेटरी, माइकल रीस, सेकंड सेक्रेटरी टॉम ओवर्टन क्लार्क व सीनियर रिसर्च ऑफिसर वंदना सेठ उपस्थित थी।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वर्कशॉप का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विदित है कि भारत और उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों के विकास के लिए संकल्पित है। भाषाविश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रभारी डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी के आईसीएसएसआर स्पॉन्सर्ड कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो. एन.बी सिंह के मार्गदर्शन में ÷ जेंडर सेंसटाइजेशन थ्रू बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ: अ रोड मैप फॉर सोशल चेंज ÷ विषय पर अटल हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में मुख्य अतिथि ज्वाइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टोरेट ऑफ फैमिली वेलफेयर डा.अश्विन कुमार एवं स्टेट टेक्निकल कोऑर्डिनेटर जावेद अंसारी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। मंच पर मंचासीन अतिथियों को पौध अर्पण कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंचासीन जावेद अंसारी ने प्रेजेंटेशन देते हुए अपने ÷उद्बोधन में मिशन शक्ति, प्रशासन की पाठशाला जैसी और भी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है÷ वहीं दूसरी ओर डा. अश्विन ने जेंडर डिस्क्रिमिनेशन के बारे में बात करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि÷ हमारे समाज की स्थिति चिंतित करने वाली है और हमारे समाज में भेद भाव को पैदा हमने ही किया है और इसमें सुधार भी हमको ही करना होगा, हमें अपने स्वभाव को और नज़रिए को बदलने की आवश्यकता है÷। कार्यशाला के द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि के रूप में एक्सपर्ट पीसी एंडपी एनडीटी एक्टफ्रम डायरेक्टोरेट ऑफ फैमिली वेलफेयर ,लखनऊ श्री पंकज भसीन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दो सत्रों में प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, अरशानाअजमत, नाईश हसन और सिद्धार्थ कलहन ने बेटियों को सुरक्षित रखने की बात पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों से सवाल जबाव किए गए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रो. मसूद आलम और प्रो. गोविन्द जी पांडेय ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को विभिन्न सामाजिक पहलुओं से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम समापन पर ले जाते हुए मुख्य अतिथियों को मोमेंटो देकर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रभारी डा. रूचिता सुजय चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# 64 निर्माण कार्यो का शिलान्यास एवं 84 शासकीय भवनों का मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे लोकार्पण

- मुख्यमंत्री प्रयागराज एवं कुशीनगर में 2 पर्यटक थानों का भी करेंगे शुभांरम्भ: संजय प्रसाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन मे गृह विभाग के 3114.4 करोड़ रूपये की धनराशि की लागत से 64 निर्माण कार्यो का शिलान्यास तथा 188.77 करोड़ रूपये की धनराशि से प्रदेश में निर्मित थाना एवं पुलिस चैकियों के प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों तथा हॉस्टल,बैरक व विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल एवं एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण करेगे।प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री इन शिलान्यास एवं लोकार्पण के अतिरिक्त प्रदेश के प्रयागराज एवंकुशीनगर में 2 पर्यटक थानों का भी शुभांरम्भ करेगे।प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 75 जनपदों में 1523पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने के साथ-साथ 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों का भी शुभांरम्भ करेगे।शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, 2 यूपीएसटीएफ 21 पुलिस थाना व 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जायेगा।लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 03 थाना प्रशासनिक भवन, 06 थाना आवासीय भवन, 03 पुलिस चौकी प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल,बैरक व विवेचना कक्ष, 06 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 05 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय व 7 अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेगे।

# प्रदेश में 53.35 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं. और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कुं. की निर्धारित दर से खरीद करते हुए अब तक 5335014.60 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है।खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक 795591 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11432.722 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। धान खरीद हेतु निर्धारित 70 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य के सापेक्ष 76 प्रतिशत से अधिक खरीद की जा चुकी है।

# 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0' शीर्षक से श्रम विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं रोजगार विभाग और सार्वजनिक नीति संस्थान प्रॉस्पेरिटी ने संयुक्त रूप से 27 फरवरी को रिजेन्टा सेन्ट्रल लखनऊ में श्रम विभाग के अधिकारियों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0' शीर्षक से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति का जायजा लेना और 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने को साकार करने और भविष्य की चुनौतियों और रोडमैप पर चर्चा करना था। कार्यशाला का ध्यान श्रम-संबंधी नियमों पर था।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने अपने संबोधन में निवेश को आकर्षित करने और बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत परिकल्पित सुधारों को शुरू करने के लिए विभागों में विभिन्न प्रयासों को अधिक गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से श्रम विभाग के संदर्भ में ईओडीबी और श्रम कल्याण को साथ-साथ चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।श्रम विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और राज्य में व्यवसायों की स्थापना, संचालन और विकास को आसान बनाने में श्रम विभाग के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही ने प्रक्रिया सरलीकरण, डिजिटलीकरण और नियामक सुधार पहलों का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसने यूपी को ईओडीबी सुधारों में अग्रणी स्थिति में ला दिया है। ऋषि अग्रवाल सीईओ, टीमलीज सर्विसेज, देश भर में ईओडीबी और नियामक सुधारों में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना में प्रदेश को मिला सर्वाधिक अनुदान

- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान में उत्तर प्रदेश को जारी हुआ 740 करोड़ रूपये का अनुदान
- समाज, सहयोग, सुधार, सत्तता और संस्कार पंचसूत्र पर कार्य किया जायेगा: योगेंद्र उपाध्याय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल द्वारा पीएम ऊषा की टीम के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत के उपरान्त भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त कर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये, जिसके फलस्वरूप पूरे देश में उत्तर प्रदेश राज्य को सर्वाधिक अनुदान स्वीकृति किया गया।योजना भवन लखनऊ मे मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समागम 2024 को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य के विश्वविद्यालयों हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु आभार व्यक्त किया। भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को लगभग धनराशि 740 करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा स्वीकृति अनुदान का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों को रेनोवेशन करने पर किया जायेगा। केन्द्रीय वित्त पोषण उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये एक बड़ा बढ़ावा होगा। राज्य का लक्ष्य अनुसंधान और नवाचार के लिये एक सक्षम वातावरण बनाना है, विश्वविद्यालयों और उसके संबंध महाविद्यालयों दोनों को लाभ होगा। अनुदान का उपयोग उत्तर प्रदेश राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु निर्धारित मापदंडों और मानको का अनुपालन सुनिश्चित करके उनकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिये किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों के स्वीकृत धनराशि का सही सदुपयोग किया जाय। समाज, सहयोग, सुधार, सत्तता और संस्कार इन पंचसूत्र पर कार्य किया जायेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मे काम करने के तेवर तथा व्यवस्थाओं के कलेवर बदले है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के जीवन को बेहतर करने में इस तरह के समागम मील का पत्थर साबित होंगे। भौतिक विकास के साथ-साथ संस्कारों को भी महत्व देना चाहिए। विश्वविद्यालयों मे आम जनसामान्य के हितों से जुड़े हुये शोध किये जाना चाहिए, जिससे प्रदेश के आम जनसामान्य के जीवन को एक नई दिशा मिल सके। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत चिन्हित न्यूनतम सकल नामांकन अनुपात के क्रम में असेवित क्षेत्रों में नये राजकीय मॉडल महाविद्यालयों हेतु अनुदान प्रदान किया गया है।उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों को वित्त पोषण तथा सभी उच्च संस्थानों को समान विकास प्रदान कर उच्च शिक्षा प्रणाली को ठीक करना है। योजना के अन्तर्गत 2026 के अंत तक सकल नामांकन अनुपात को 35 प्रतिशत तक बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा अनुदान का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के लिये बुनयादी ढ़ाचे को विकसित करने के लिये किया जायेगा। जिससे राज्य के सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के लिये उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसर सुनिश्चत होगें। राज्य में उच्च शिक्षा में महिलायों, अल्पसंख्यकों, एससी, एसटी, ओबीसी आदि व्यक्तियों को शामिल करने के लिये अनुदान का उपयोग किया जायेगा। बहु-अनुशासनात्मक शिक्षा व अनुसंधान विश्वविद्यालय एमईआरयू के अन्तर्गत चिन्हित पूरे भारत देश में 26 विश्वविद्यालयों में उत्तर प्रदेश के 06 विश्वविद्यालयों को 100-100 करोड़ रूपये अनुदान दिया गया। डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ है।विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत चिन्हित पूरे भारत देश में 52 विश्वविद्यालयों में से उत्तर प्रदेश राज्य 08 विश्वविद्यालयों को अनुदान दिया गया है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले लोग सेना के आधुनिकीकरण के दुश्मन हैं!

**बहरहाल, यहां इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस ने सेना से जुड़े मुद्दों को लेकर राजनीति शुरू की थी और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। 2019 में पुलवामा हमले का जब भारतीय वायुसेना ने बदला लिया था तो विपक्षी दलों ने इसके सबूत मांगे थे। यही नहीं, राफेल लड़ाकू विमान सौदे में घोटाले का आरोप लगाकर प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां की गयी थीं और चुनावों के समय भरसक प्रयास किया गया था कि देश में इस विमान सौदे के खिलाफ माहौल बने ताकि सरकार इसे रद्द करे।**

*देश इस समय विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन बड़े सुनियोजित तरीके से जनता को इस लक्ष्य से भटकाने की और भारत को पीछे धकेलने की कोशिश की जा रही है। किसानों को बहका कर आंदोलन खड़ा कराने के बाद अब सेना में भर्ती की योजना अग्निपथ पर सवाल उठाकर नौजवानों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर समाज में जातिवाद की भावना को उभारने का प्रयास पहले से कर ही रहे हैं। हो सकता है देशवासियों को सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतार कर और देश के संसाधनों को नुकसान पहुँचवा कर विपक्ष के नेताओं के हित सध जायें लेकिन इससे देश वो सब कुछ खो देगा जो पिछले 10 सालों में कड़ी मेहनत से अर्जित किया गया है। सत्ता की लालसा या महत्वाकांक्षा होना जायज है लेकिन देश के हितों की बलि देकर कुर्सी तक पहुँचने की योजना देश के लिए घातक है। हम आपको याद दिला दें कि सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ जब पेश की गई थी तब भी विपक्ष ने इसके बारे में भ्रम और अफवाहें फैला कर देश को अशांति की आग में झोंक दिया था। लगता है वैसा ही कुछ एक बार फिर करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि अग्निपथ योजना के बारे में सेना और सरकार युवाओं के भ्रम और इस योजना की विसंगतियां दूर कर इसे दुनिया की सबसे पारदर्शी और उत्कृष्ट भर्ती नीति बना चुकी है। इस नीति से युवा कितने खुश हैं इसका अंदाजा तभी लग गया था जब तीनों सेनाओं में आवेदनों के पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गये थे। जो लोग कह रहे हैं कि चार साल की सेवा के बाद नौजवान को फिर से नौकरी की खोज करनी होगी, दरअसल उन्हें पता ही नहीं है कि सरकार और निजी क्षेत्र ने अग्निवीरों के लिए क्या-क्या प्रबंध किये हैं। देखा जाये तो अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले हमारी सेना के आधुनिकीकरण के भी दुश्मन हैं। इसे उदाहरण के जरिये समझना है तो देखिये कि आज के दौर में बड़े-बड़े महारथियों को युद्ध क्षेत्र में एक एक दिन गुजारना भारी पड़ रहा है। सैन्य रूप से ताकतवर देशों में शुमार रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू किया मगर दो साल बाद भी यूक्रेन को पूरी तरह हरा नहीं पाया है। सर्वाधिक आधुनिक हथियारों से युक्त देश माने जाने वाले इजराइल ने एक आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ अभियान छेड़ा, मगर पांच महीने होने को आये लेकिन इजराइल को जीत नहीं मिली है। भारत में भी कारगिल युद्ध के समय अग्निपथ जैसी भर्ती योजना की आवश्यकता महसूस की गयी थी। लाल सागर में देख लीजिये कैसे हूती विद्रोहियों ने अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देशों की नाक में दम कर रखा है। आप नजर दौड़ाएंगे तो पाएंगे कि ऐसे ही अनेकों उदाहरण विश्व के कोने-कोने में भरे पड़े हैं। यह सब उदाहरण इस बात की आवश्यकता पर जोर देते हैं कि सैन्य मामलों में हर देश को आत्मनिर्भर होना चाहिए और सेना के जवान इस आधुनिक युग के युद्धों से लड़ने के अलावा भविष्य के युद्धों से लड़ने के योग्य और विशेष रूप से प्रशिक्षित होने चाहिए। अग्निपथ योजना पर सवाल उठा रहे विपक्षी दलों को समझना होगा कि अगर भविष्य की तैयारी करनी है तो हमें खुद में निरंतर बदलाव करते रहना होगा। देखा जाये तो भविष्य में हम ऐसे परिदृश्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां अदृश्य दुश्मनों के खिलाफ संपर्क रहित युद्ध होगा और देश को एक चुस्त और सुप्रशिक्षित युवा सेना की आवश्यकता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**परीक्षा के दिनों में भी पर्याप्त नींद लें। रात-रात भर जागकर पढ़ना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं। जिस दिन आपको परीक्षा देनी है, उस रात भरपूर नींद लें वरना कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा देते समय आपको आलस्य सताने लगे और आप चाहकर भी सही ढ़ंग से परीक्षा न दे पाएं। अपनी लिखावट साफ-सुथरी और लिखने की गति तेज बनाएं ताकि प्रश्न पत्र हल करते समय आपको समय की कमी का रोना न रोना पड़े। घर का वातावरण तथा अभिभावकों की सजगता भी वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों की सफलता-असफलता का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाती है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में छात्र को सर्वाधिक जरूरत होती है अपने अभिभावकों के मोरल सपोर्ट की।**



योगेश कुमार गोयल

**लगातार पढ़ाई करते रहने से मस्तिष्क पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे मानसिक थकान होने के साथ-साथ एकाग्रता भी भंग होती है। इसलिए कई-कई घंटों तक निरन्तर अध्ययन करने के बजाय बीच-बीच में 5-10 मिनट आराम करें और भले ही दिनभर में थोड़े समय के लिए ही सही, मनोरंजन, खेलकूद इत्यादि गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लें।**

# एकाग्रचित्त होकर करें परीक्षा की तैयारी

छात्रों की 10वीं तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। यही वह समय होता है, जब छात्रों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है, इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है किन्तु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिशों के बाद भी पढ़ाई में उनका मन नहीं लग पाता। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रूचि बनाए रखें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौव्वा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े। कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। विशाल के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ। वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किए गए प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया। इसका परिणाम यह रहा कि वह कामचलाऊ अंकों से ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सका। कहने का तात्पर्य यही है कि परीक्षा के दिनों में खूब मन लगाकर पढ़ाई करना और कड़ी मेहनत करना तो जरूरी है ही लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि



**अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक सहयोग और अपेक्षित समय देते हुए प्रोत्साहन भरे दृष्टिकोण से उनका मनोबल बढ़ाएं। वार्षिक परीक्षाओं के दिनों में छात्र तैयारी में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि बहुत बार अपने खानपान के प्रति भी लापरवाह हो जाते हैं।**

आपका शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो आप परीक्षा की तैयारी बेहतर ढ़ंग से मन लगाकर कैसे कर पाएंगे? परीक्षा में सफलता-असफलता को लेकर भी बहुत से छात्र परीक्षाओं के शुरू होने से पहले ही तनावग्रस्त हो जाते हैं और उनके मन में परीक्षा नजदीक आते ही बेचैनी सी छा जाती है। दरअसल कुछ छात्र ऐसे होते हैं, जो पूरे साल का समय तो मौजमस्ती में ही गुजार देते हैं और जब परीक्षाएं नजदीक आती हैं तो परीक्षाओं को हौव्वा मानकर घबराने लगते हैं। समय सारिणी बनाकर नियमित अध्ययन न करना भी छात्रों के तनावग्रस्त होने का प्रमुख कारण होता है। वैसे प्रायः वही छात्र परीक्षाओं को हौव्वा मानते हैं, जो सालभर तो मौजमस्ती करते घूमते फिरते हैं और परीक्षाओं के ऐन मौके पर उन्हें किताबों की सुध आती है। तब उन्हें समझ ही नहीं आता कि परीक्षा की तैयारी कैसे और कहां से शुरू की जाए। इसी हड़बड़ी तथा तनाव के चलते अक्सर वे परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। यदि किसी छात्र ने सालभर नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई की है तो कोई कारण नहीं, जो परीक्षा से उसे किसी प्रकार का भय सताए। यदि आप समय सारणी बनाकर अध्ययन-मनन करें तो कठिन से कठिन हर विषय भी आपको आसानी से समझ में आ सकता है लेकिन समय सारिणी बनाते समय इसमें केवल अपने मनपसंद विषय को ही वरीयता न दें बल्कि सभी विषयों पर बराबर ध्यान देने का प्रयास करें बल्कि जिस विषय में आप स्वयं को कमजोर पाते हैं, उस पर कुछ ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने का प्रयास करें। जो भी कुछ पढ़ें या याद करें, उस पर पूरा ध्यान केन्द्रित करते हुए उसे दोहराते रहें ताकि वह लंबे समय तक याद रह सके। प्रत्येक विषय के संक्षिप्त नोट्स अवश्य बनाएं, जिससे परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद मिलेगी। जो विषय अथवा प्रश्न समझ नहीं आ रहा हो, वह अपने शिक्षक अथवा मित्र से पूछने में संकोच न करें। परीक्षा के दिनों में भी पर्याप्त नींद लें। रात-रात भर जागकर पढ़ना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं। जिस दिन आपको परीक्षा देनी है, उस रात भरपूर नींद लें वरना कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा देते समय आपको आलस्य सताने लगे और आप चाहकर भी सही ढ़ंग से परीक्षा न दे पाएं। अपनी लिखावट साफ-सुथरी और लिखने की गति तेज बनाएं ताकि प्रश्न पत्र हल करते समय आपको समय की कमी का रोना न रोना पड़े। घर का वातावरण तथा अभिभावकों की सजगता भी वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों की सफलता-असफलता का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाती है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में छात्र को सर्वाधिक जरूरत होती है अपने अभिभावकों के मोरल सपोर्ट की। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक सहयोग और अपेक्षित समय देते हुए प्रोत्साहन भरे दृष्टिकोण से उनका मनोबल बढ़ाएं। वार्षिक परीक्षाओं के दिनों में छात्र तैयारी में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि बहुत बार अपने खानपान के प्रति भी लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अभिभावक उनके खानपान का पूरा ध्यान रखें क्योंकि उनका स्वास्थ्य ही ठीक नहीं रहेगा तो वे परीक्षा की तैयारी भी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। परीक्षा के खौफ से मुक्त रहने के लिए मन लगाकर परीक्षा की तैयारी करना बहुत जरूरी है। हालांकि मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हर समय किताबों से चिपके रहने के बजाय कुछ समय खेलकूद अथवा मनोरंजन इत्यादि क्रियाकलापों के लिए भी निकालें।

## एक्सप्रेस कविता

*चमत्कारिक योग, भारतीय वैदिक योग जनमानस होता निरोग, विश्व गुरु बनने की प्रथम क्रिया तथा प्रतिक्रिया में पहला कदम है वैश्विक योग दिवस, भारत की पहल पर विश्व में मनाया जाएगा वैश्विक योग दिवस। पहले निरोगी काया फिर उस पर योग का साया, पड़ जाए फिर स्वस्थ जीवन की छाया।*

*योग ने किया सबको निरोगी वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी। स्वस्थ रहेगा तन और मन योग शिक्षा से ही कमा पाएंगे हम पोंड,डॉलर और धन, विश्व के गुरु तो बनेंगे ही देंगे दुनिया को दिशा दर्शन, आओ अपनाएं योग को दूर भगाएं सारे रोग को, योग विद्या है भारत की संपत्ति, अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति, आओ हम सब लोग योग सीखे और सिखाएं इस तरह इस विद्या से निरोगी स्वास्थ धन पाए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जिस दिन से आपने अपने दर्द को अपना मोटिवेशन बनाना शुरू कर दिया उस दिन आपको सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 28:19 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 07:27 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | गांदा, 17:11 |
| सूर्योदयः | 06:51 |
| सूर्यास्तः | 18:15 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 12:33-13:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

जन एक्सप्रेस

### ठीक नहीं घबराना !

*साबित ना कर पाए ।*
*बीत रहा है साल ।।*
*बोल रहे हैं हमको ।*
*करते हम बवाल ।।*
*हट जाओ गठबंधन से ।*
*है ख़बर भिजवाया ।।*
*परेशान कर रहे ।*
*करने को सफाया ।।*
*है यदि सच्चाई तो ।*
*करो सबूत पेश ।।*
*है सबको मालूम पर ।*
*हैं कितने विशेष ।।*
*कर लो थोड़ा इंतज़ार ।*
*ठीक नहीं घबराना ।।*
*हो शायद अब पेश ।*
*अलग कुछ नज़राना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अलग-अलग पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं हरे, लाल और पीले रंग की शिमला मिर्च



**शिमला** मिर्च आखिर किसे पसंद नहीं होती है? भरवा शिमला मिर्च हो या आलू शिमला मिर्च, ये सब्जी किसी हर कोई बड़े चाव से खाता है। पोषक तत्वों से भरपूर ये सब्जी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इसे पास्ता से लेकर सब्जी बनाने तक कई व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। ये हरी, लाल और पीली तीन रंगों में पाई जाती हैं। रंगों के मुताबिक इनके फायदे भी अलग-अलग होते हैं। हर रंग की शिमला मिर्च के सेवन से सेहत को अलग-अलग फायदे मिलते हैं।

**हरी शिमला मिर्चः** हरी शिमला मिर्च में विटामिन-सी, विटामिन-के, पोटेशियम और फोलेट, फाइबर और कैरोटीनॉयड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें कैलोरी की मात्रा भी कम होती है, जिससे यह वजन घटाने के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। यह एंटीऑक्सीडेंट का भी बेहतरीन सोर्स है, जो समस्त स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

**लाल शिमला मिर्चः** लाल शिमला मिर्च को हरी शिमला मिर्च से भी अधिक फायदेमंद माना जाता है। इसमें हरी शिमला मिर्च के मुकाबले ज्यादा बीटा-केरोटीन, विटामिन-ए, विटामिन-सी होता है। विटामिन-सी होने के कारण यह इम्यूनिटी के लिए ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। इसमें ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन कैरोटीनॉयड भी होते हैं, जो आंखों को स्वस्थ रखने में भी मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाने में भी मदद करते हैं।

**पीली शिमला मिर्चः** पीली शिमला मिर्च में लाल और हरी शिमला मिर्च से ज्यादा विटामिन-सी पाया जाता है। लेकिन इसमें विटामिन-ए और बीटा-केरोटीन हरी शिमला मिर्च से कम होती है। इसमें भी कैरोटीनॉयड पाए जाते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसका सेवन करना त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। पीली शिमला मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। इसमें फाइबर भी पाया जाता है, जो पाचन को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**काली शिमला मिर्चः** काली शिमला मिर्च देश के बहुत कम हिस्सों में पाई जाती है। इसे हाइब्रीड के जरिए भी उगाया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट काफी ज्यादा पाए जाते हैं, जो ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाने और कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं।

**नारंगी शिमला मिर्चः** नारंगी शिमला मिर्च भी इसी प्रजाति में शामिल है। इसमें विटामिन-सी और बीटा-केरोटीन पाया जाता है, जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# मंदिरों की आय पर निगाह रखने की बजाय राजस्व बढ़ाने के उपाय ढूंढ़े कर्नाटक सरकार



-प्रवीण गुगनानी

**कर्नाटक में दो सौ पाँच मंदिरों की आय पच्चीस लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है, ये मंदिर ए समूह में रहेंगे और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को दस प्रतिशत कर देंगे। एक सौ तिरानवे मंदिर की आय पांच से पच्चीस लाख के रुपए के मध्य है, ये मंदिर अपनी आय में से पांच प्रतिशत का हिस्सा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को देंगे।**

**अयोध्या** में श्रीराम जन्मभूमि के भव्य निर्माण से आनंदित हिंदुओं के उत्साह, उल्लास, उमंग को समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं। राममंदिर के हर्ष से निर्मित देश के प्रसन्नचित्त मानस को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब इटली-रोम संचालित कांग्रेस को हिंदू होने का जज़िया कर दो और देश में दोयम दर्जे का नागरिक कहलाओ। भारत में जज़िया कभी ग्यारहवीं शताब्दी में अलाउद्दीन ख़िलजी ने लगाया था। यह कर केवल हिंदुओं से उनके धर्म निर्वहन हेतु वसूला जाता था। वसूली भी निर्ममता से होती थी। मुग़लकाल के जज़िया कर वसूलने के निर्दयी, रक्तरंजित व दिल दहला देने वाले अंतहीन क़िस्से अब भी हमारे इतिहास में यहां-वहां बिखरे हुए पड़े हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों के शासनकाल में हिंदू व्यक्ति, संस्थान, परंपराओं पर कर लगाये जाते थे और इसका मुख्य उद्देश्य यह होता था कि व्यक्ति स्वयं को देश में दोयम दर्जे का महसूस करके अपमानित हो। मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना इसका उद्देश्य होता था ताकि तंग होकर व्यक्ति या संस्थान अपना धर्म छोड़ दे, धर्मांतरण कर ले या कम से कम अपनी रीति-नीति-पद्धति-परंपरा को तो छोड़ ही दे। यही

**कांग्रेस सरकार केवल यहीं नहीं रुकने वाली है! उसका यह कुचक्र और आगे बढ़ते हुए प्रदेश के शेष चौंतीस हज़ार मंदिरों को कर देने की श्रेणी में लाने की है। अपनी आय पांच लाख से कम बताने वाले इन मंदिरों का सख़्त शासकीय ऑडिट करके अब इनसे भी आय का पांच प्रतिशत भाग जज़िया कर के रूप में वसूलने की दुरभिसंधि का प्रारंभिक चरण है यह। षड्यंत्र तो अभी प्रारंभ है।**

दुष्कृत्य अब कांग्रेस सरकार कर रही है। एक ओर उसका तत्कालिक लक्ष्य है कि मंदिरों की आय सरकारी ख़ज़ाने में चली जाये और दूसरी ओर उसका दीर्घकालीन लक्ष्य है कि श्रद्धालु मंदिरों को दान देना ही बंद कर दें। मंदिरों में दान नहीं आएगा तो धर्म का विस्तार नहीं होगा, हिंदुत्व दुर्बल होगा और तब कांग्रेस अपना रोम का मिशनरी एजेंडा चला पाएगी। यह सब आपको राजनीतिक शब्दावली लग सकती है, किंतु सत्य यही है। वस्तुतः यह सब कांग्रेस के डेढ़ सौ वर्षीय हिंदुत्व विरोधी जेनेटिकल स्ट्रक्चर का परिणाम है। रह-रहकर कांग्रेस की यह मुग़ल व एडविना माउंटबैटन की आनुवंशिकी बाहर आती है और हिंदुत्व विरोधी कारनामे करती रहती है। मान लो, कर्नाटक कांग्रेस सरकार के ख़ज़ाने भरने को विवश ये बेबस मंदिर यदि आज ही चर्च या मस्जिद में बदल जाएं तो वो इनसे टैक्स नहीं वसूलेगी। यही तो मुग़लों का भी लक्ष्य था। ख़लिजी और मुग़लों का वो जज़िया कर ही रूपांतरित होकर अब फिर भारत में लौट आया है। इस बार औरंगज़ेब का रूप धरा है कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने! अब वह जज़िया वसूलेगी!! कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने यह तुगलकी फ़रमान जारी किया है। कांग्रेस ने गत सप्ताह कर्नाटक विधान परिषद में ÷हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक÷ पेश किया। विधान परिषद में अल्पमत के कारण कांग्रेस इसे पारित नहीं करा पाई है। इस संशोधन विधेयक में प्रस्ताव है कि 10 लाख से अधिक और एक करोड़ रुपये से कम की वार्षिक आय वाले मंदिरों को पांच फीसदी और एक करोड़ रुपये से अधिक की आय वाले मंदिरों को अपनी वार्षिक आय का दस प्रतिशत कर के रूप में राज्य सरकार को देना होगा। मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा। और, यही होने भी वाला है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार अपनी निर्धनता को ढाँकने के लिए हिंदू मंदिरों के चढ़ावे की राशि का उपयोग करना चाह रही है। सबसे बड़ी तानाशाही की बात यह है कि कर्नाटक सरकार केवल हिंदू मंदिरों से टैक्स वसूलने हेतु यह विधयेक लाई है। मस्जिदों और चर्चों को इससे ठीक वैसे ही छूट दी हुई है जैसे मुग़ल औरंगज़ेब और अन्य तुग़लक़ व ख़लिजी जैसे विदेशी आक्रांताओं के समय दी जाती थी। अब कर्नाटक में हिंदू मंदिर जज़िया कर से सरकारी खजाना भरेंगे और मुस्लिम मस्जिदें इस ख़ज़ाने का आनंद लेंगी! कर्नाटक में दो सौ पाँच मंदिरों की आय पच्चीस लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है, ये मंदिर ए समूह में रहेंगे और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को दस प्रतिशत कर देंगे। एक सौ तिरानवे मंदिर की आय पांच से पच्चीस लाख के रुपए के मध्य है; ये मंदिर अपनी आय में से पांच प्रतिशत का हिस्सा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को देंगे।

# मॉकड्रिल : शारदा नदी में पलटी नाव डूबे लोग एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरफ) के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में मॉक ड्रिल की गई, जिसमें नदी, तालाब या बाढ़ में डूबने की घटना पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं जिला प्रशासन की टीमों ने मिलकर एक संयुक्त मॉक अभ्यास किया। पानी में डूब रहे कई व्यक्तियों को रेस्क्यू कर बचाया गया। यह मॉक ड्रिल कासगंज सहित अन्य स्थानों पर हुए दुर्घटनाओं को आधार बनाकर की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने टेबल टॉप मॉक अभ्यास कराया। उन्होंने मॉक ड्रिल की आवश्यकता व प्रासंगिकता बताई। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमेशा मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और आपदा से बचाव के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। ग्रामीणों को बताया गया कि समस्या आने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि संयम बरतते हुए उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए इससे निपटने का प्रयास करें। मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में टेबल टॉप द्वारा एनडीआरएफ अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, सिंचाई, फायर सर्विस, पीएसी, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य, राजस्व एवं अन्य सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने हिस्सा लिया। प्रशासन ने एनडीआरएफ के साथ की आपात स्थिति से निपटने की तैयारी द्वितीय चरण में शारदा बैराज पर नदी किनारे मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान नदी को पार करते हुए एक नाव के पलट जाने का दृश्य रखा गया, जिसमे दस से पंद्रह लोग सवार थे। घटना की सूचना नजदीकी प्रत्यक्षदर्शी प्रशासन को देते हैं, फिर प्रशासन त्वरित ही सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाता है। इसमें सर्वप्रथम स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद ली जाती है। फिर तत्काल एनडीआरएफ की टीम लखनऊ से घटनास्थल पर पहुंचती है और फिर सभी डूबे हुए व्यक्तियों को बाहर निकाल लिया जाता है। इस दौरान सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल व समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। अभ्यास में मौजूद एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आये उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल ने बताया कि अभी हाल में ही कई दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमे कासगंज की ट्रैक्टर ट्राली वाली घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गई, ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ये मॉक अभ्यास किया गया है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य है कि इस तरह कि घटना होने पर किस तरह से बचाव कार्य किया जाए और सभी एजेंसियों को कैसे रिस्पांस करना है।

## इस तरह के व्याख्यान महाविद्यालय में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे : प्रोफेसर हेमंत कुमार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मंगलवार को युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा "The Challenging and Fascinating World of High Energy Physics" विषय पर प्रोफेसर मधुकर मिश्र का ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर मिश्रा हाई एनर्जी फिजिक्स, पार्टिकल फिजिक्स के क्षेत्र में स्थापित शोधकर्ता हैं और CERN जैसे महत्वपूर्ण शोध संस्थान से जुड़े रहे हैं। इस व्याख्यान श्रंखला की आवश्यकता और भूमिका के बारे में बताते हुए महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत कुमार पाल ने कहा की इस तरह के व्याख्यान महाविद्यालय में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं जो विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम विषय और संस्थान की सीमाओं के बाहर होने के लिए प्रेरित करते हैं।इस व्याख्यान का संयोजन भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर बृजेश शुक्ला तथा गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री मोहम्मद आमिर ने किया। सेमेस्टर 6 की छात्रा साक्षी वर्मा, आयवी गुप्ता तथा छात्र राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं सेमेस्टर 2 और 4 के छात्रों लाइबा अंसारी और शिवम रस्तोगी ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुकर मिश्रा से अपने प्रश्न भी किए। इस व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष मोहम्मद नजीफ, जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ओ0पी0सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सत्येंद्र पाल सिंह अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर ज्योति पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक बाजपेई, विभागाध्यक्ष भौतिकी डा0 इष्ट विभु, प्रोफेसर डी के सिंह, डा0 डी एन मालपानी, प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी, प्रोफेसर एस के पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तहसील क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों में हुआ घोटाला

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** विकास खण्ड मिश्रिख को ग्राम पंचायत परसौली में स्ट्रीट लाइटे लगवाने के नाम पर 58 हजार 65 रुपए दिनांक 27 नवंबर 2023 को एमके एंटरप्राइजेज के खाते में कार्य आईडी नंबर 8851 7412 से भुगतान किया गया है। लेकिन विडंबना इस बात की बात है। कि मुख्य गांव से लेकर मजरों तक में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। मजेदार बात यह है। कि ग्राम पंचायत के संबधित जिम्मेवार ग्राम प्रधान पति हरिशरण मौर्य व ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार ने स्ट्रीट लाइटों के नाम पर सरकारी धनराशि खर्च दिखाकर जहां समूची डकार ली है। वहीं गांव में विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए प्रत्येक बिजली के खम्भों पर एक एक एलइडी बल्ब लगा दिए गए है। जो निरंतर जलते रहते हैं। आखिरकार अनावस्यक रूप से खर्च होने वाली बिजली का खामियांजा गांव के कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। परसौली गांव के विद्युत खम्भों पर निरंतर जलने वाले बल्बों की ओर से विद्युत विभाग भी पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। मजे की बात तो यह भी है कि क्षेत्र में तैनात लाइनमैन ग्राम प्रधान द्वारा अनावश्यक रूप से अपव्यय की जा रही बिजली को सूचना विभागीय अधिकारियों को भी नहीं दी है। जांच का विषय तो यह है कि विद्युत खम्भों पर निरंतर जलने बाले बल्बों में खर्च होने वाली बिजली का बिल आखिरकार कौन जमा करता है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कराने की मांग की।

### अवैध तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** पसगवां पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पसगवां पुलिस द्वारा एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद करके अभियुक्त अमन कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम सल्लिया थाना पसगवां जनपद खीरी को ग्राम उदयपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में 83/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया।

### अधिसूचना जारी होने की सुगबुगाहट पर विद्यालय में कार्यक्रम के लिए प्रतिबंधित कर दी गई बुकिंग



**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** चुनाव लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने की सुगबुगाहट लगते ही अधिकारियों ने बाहर से आने वाले पुलिस बल को ठहरने और पोलिंग स्टेशन तक की व्यवस्था चाक चौबंद करने को लेकर कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को सी ओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने चुनाव में बाहर से आने वाले सुरक्षा बल को ठहरने के लिए मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी, पीडी इंटर कॉलेज, और गजराज सिंह इंटर कॉलेज में व्यवस्थाओं को लेकर प्रबंधक से वार्ता कर विद्यालयो का सत्यापन कर जरूरी व्यवस्था पूरी करने के लिए निर्देश दिए हैं ।वहीं अधिसूचना जारी होने के बाद विद्यालय मे कार्यक्रम के लिए बुकिंग प्रतिबंधित कर दी है।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन सभागार में की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर अपर पुलिस महानिदेशक के पहुंचने पर ऑफिसर मैस में गार्ड द्वारा सलामी दी गई ।तत्पश्चात पुलिस लाइन सभागार में आगामी चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक की ।उन्होंने चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्वाचन संबंधी ड्यूटी हेतु आगमन करने वाले अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस कर्मियों के ठहरने हेतु चिन्हित आरआर इंटर कॉलेज व राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी व अधीक्षक पूर्वी व पश्चिम एवं समस्त क्षेत्राधिकारी गण मौजूद रहे।



## हमारा संकल्प विकसित यात्रा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस । निघासन-खीरी



नगर पंचायत प्रांगण में हमारा संकल्प विकसित यात्रा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्यअतिथि सांसद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।तथा नगर क्षेत्र की आई कई विभागों की शिकायतों तो संबंधित विभाग में भेज कर न्यायोचित/त्वरित शिकायतों का निराकरण कर नगर पंचायत कार्यालय में अवगत कराने को कहा गया।हमारा संकल्प विकसित यात्रा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्रीप्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियों से कहा कि कोई किसी प्रकार की शिकायत हो तो बेहिचक आप लोग हमें अवगत कराये जिस पर त्वरित कार्रवाई हो सके।साफ सफाई में आप सभी सहयोग करें आदि तमाम बातें जनहित में बताई गई।जिसके मुख्यअतिथि सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी प्रदेश व केंद्र सरकार की चलाईं जा रही जनहित की योजनाओं के बारे में आये जनसमुदाय को जानकारी दी।नगर की महिलाओं व पुरुषों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रधानमंत्री आवास,विधवा/दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि,विघुत विभाग आदि,समस्याओं को चैयरमेन संज्ञान में लेते हुए,सम्बंधित विभाग में आवेदन पत्र भेजवा कर न्यायोचित/त्वरित शिकायतों का निदान करते हुए कार्यालय में अवगत कराने को कहा गया।नगर पंचायत प्रांगण में बाल विकास पुष्टाहार,विघुत विभाग,कृषि विभाग,इंडेन गैस आदि विभागों के स्टाल भी लगाये गये।इस दरम्यान नगर पंचायत निघासन के कर्मचारी,नगर के सभासद सहित संजय गिरी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि,नगेंद्र सिंह सेंगर,राजेंद्र कुमार कनौजिया,संगमलाल मिश्रा,सोहन लाल,रमा देवी,अशोक कुमार आदि नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को जागरूक किया जायें : जिला निर्वाचन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

आगामी लोक सभी सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वीप प्रभारी से कहा कि विगत विधान सभा निर्वाचन में जिन विधान सभाओं का मतदान प्रतिशत कम रहा है उनमें स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालयों के बच्चों आशा, आंगनबाड़ी, सहायिका, पंचायत मित्र, कोटेदार, सफाई कर्मचारी आदि ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को जोड़ा जाये और नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, जागरूकता रैली आदि के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होने स्वीप प्रभारी को निर्देश दिये कि विधानसभा वार लोगों में जागरूता फैलाने हेतु जागरूकता कलेन्डर छपवाये।

### डुप्लीकेट मतदाताओं के फार्म 7 भराकर सही सूचना आज उपलब्ध करायें : डीएम

**✻ विद्यालयों के नाम परिवर्तन हुए है परन्तु मतदान केन्द्र वही है : मंगला प्रसाद सिंह**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि जनपद की सभी विधान सभाओं में डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया जा रहा है और सत्यापन में जहां डुप्लीकेट मतदाता होगें उनके तथा जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गयी है उनका भी सत्यापन कराकर उनके नाम मतदाता सूची से काटे जायेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ विद्यालयों के नाम परिवर्तन हुए है परन्तु मतदान केन्द्र वही हैं। उन्होने वीडियों कांफेन्स के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों से वार्ता की तथा निर्देश दिये कि डुप्लीकेट मतदाताओं के फार्म 7 भराकर सही सूचना 28 फरवरी 2024 को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने बताया इसके साथ ही डाकघर के माध्यम से नये मतदाताओं के मतदाता पहचान उनके निवास के पते भेजे जा रहे है। उन्होने प्रतिनिधियों से कहा कि अगर किसी विधान सभी की मतदाता सूची आदि में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उससे अवगत कराये, सत्यापन कराकर उनका समाधान कराया जायेगा। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने राजनैतिक प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम मशीन स्टांग रूम का बाहर से निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा भाजपा, कांग्रेस आदि पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्मार्ट फोन वितरण हेतु छात्रों की मार्किंग प्रत्येक दशा में करा दें : डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में स्मार्ट फोने में वितरण में विलम्ब एवं लापरवाही करने वाले महाविद्यालयों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित विद्यालय प्रबन्धकों को सख्त निर्देश दिये कि अपने विद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं का डाटा मार्किंग के साथ कल यानी 28 फरवरी 2024 को देर शाम तक नोडल अधिकारी की उपस्थिति में प्रत्येक दशा में फीड करा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि आज सभी महाविद्यालयों के प्रबन्धक स्मार्ट फोन प्राप्त कर लें और 28 फरवरी 2024 को समस्त छात्रों की मार्किंग अनिवार्य रूप से करा लें। स्मार्ट फोने वितरण नोडल अधिकारी की उपस्थित में अवश्य करा दें।

## एक मार्च से शुरू होगी जनपद में गेहूं खरीद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार किसानों को शासन की मंशानुरूप न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 156 सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100 कुन्तल तक गेहूँ विक्रय हेतु मात्रा के सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जायेगी। कृषक बन्धुओं को छनाई /उतराई के लिए लेबर मद में लिया जाने वाला रु0 20 रु0 प्रति कुन्तल चार्ज एमएसपी के अलावा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।

**डीएम की अपील, क्रय केंद्रों पर बेचे गेहूं की फसल**

डीएम ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एमएसपी) पर गेहूँ खरीद योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करायें और सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घण्टे के भीतर अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान प्राप्त करें। डीएम ने बताया कि यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरूम मो0नं0 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। गेहूँ कृषक पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी से शुरू है। कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से करा लें ।बताते चले कि जनपद खीरी में कृषक बन्धुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 156 गेहूँ क्रय केन्द्र डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अनुमोदित किये हैं, जो कि गतवर्ष की तुलना में 13 केन्द्र अधिक हैं, जिले में लखीमपुर सदर 41, गोला 35, पलिया 13, मोहम्मदी 22, मितौली 14, निघासन 12, धौरहरा 19 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए है। आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रु. प्रति कुन्तल नियत है, जो कि गतवर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से 150 रु. प्रति कुन्तल अधिक है।

**डिप्टी आरएमओ ने बताई गेहूं खरीद प्रक्रिया**

डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने खरीद प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल एप up kisan mitra पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ क्रय किया जायेगा। गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धु किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से अथवा सरकारी क्रय केन्द्रों पर जाकर नि:शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद में स्थिति सभी मण्डी समितियों में भी नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुन: पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है,परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुन: लॉक कराना होगा।

### 01 मार्च से प्रारम्भ होगी गेहूं खरीद : जिला खाद्य विपणन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला खाद्य विपणन अधिकारी निहारिका ने समस्त किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0 2275.00 प्रति कुंटल रखा गया है। गेहूँ विकय हेतु ऑनलाइन कृषक पंजीकरण 01 जनवरी 2024 से प्रारम्भ हो चुके हैं। कृषकों को गेहूँ विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल द्घ्ष्ह्य.ह्वश्च.द्द्श1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। कृषक बन्धु किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से अथवा सरकारी कय केन्द्रों पर जाकर नि:शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। गेहूं पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर 7007802899 पर सम्पर्क किया जा सकता है। कृषक भाईयों को अवगत कराना है कि जनपद में गेहूँ खरीद क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च, 2024 से प्रारम्भ होगी।

### राजस्व महकमें की सांठगांठ और सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में पाटे जा रहे तालाब

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




उत्तर प्रदेश की सरकार जहां एक ओर अमृत तालाबों के निर्माण में जुटी हुई है और सरोवरों को संरक्षण प्रदान किए जाने के लिए करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी दल से जुड़े हुए सक्षम नेताओं और राजस्व महकमें की सांठगांठ के चलते गोला तहसील क्षेत्र में तालाबों को पाटकर समतल भूमि करके उन पर भवन निर्माण किए जाने का काम किया जा रहा है।बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय के भी निर्देश हैं कि जिन जगहों पर तालाब पाटे गए हो उनको खाली करा कर पुनः मूल रूप में वापस लाया जाए और दबंगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। यही मंशा उत्तर प्रदेश सरकार की भी है। इसी मंशा के तहत उत्तर प्रदेश सरकार कार्य कर रही है परंतु गोला तहसील में गोला खुटार मार्ग नेशनल हाईवे 730 के निकट गाटा संख्या 659 तालाब के नाम दर्ज है।बताते हैं निकटवर्ती ग्राम अहमदनगर के प्रधान पति मुकेश गुप्ता ने उस तालाब को पाट कर उसे पर धर्म कांटा बनवा दिया है। यह मामला बहुत उछला। राजस्व महकमें की सांठगांठ होने के कारण निर्माण कार्य होता रहा और किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। जब ग्रामीणों ने हंगामा शुरू किया और लिखा पढ़ी शुरू कर दी तब राजस्व महकमें ने अपनी जान बचाने के लिए 67 वन की कार्रवाई करते हुए इतिश्री कर ली । यह कार्रवाई भी किस स्थिति में है यह कोई बताने को तैयार नहीं है। मौके पर धर्म कांटा बनकर खड़ा हुआ है और अवशेष निर्माण कार्य जारी है।

## हरे भरे पेड़ों का कटान जोरों पर, जिम्मेदार बने मौन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सप्ताह के अंदर दर्जनों हरे भरे बागों पर पुलिस व वन विभाग की मिली भगत से आरा चल रहा है इन दिनों मछरेहटा क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ो पर लक्डकट्टो के द्वारा आरा चलाया जा रहा है। सुबह होते ही ये दलाल लकडकट्टे जुगाड़ बनाने की फिराक में थाने के आसपास नजर आते हैं और कटान कमीशन जमा कर कटान कराते है। ज्ञातव्य हो कि मछरेहटा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इन दिनों सैकड़ो हरे भरे पेड़ जैसे नीम, आम, गूलर, शीशम आदि पर लगातार आरा चल रहा जिसमें सडिला, राजपुर प्रताप, उमरापुर, बीहट बीरम, कुन्हेटा लच्छीरामपुर, पहाड़पुर आदि गांवों को वीरान कर रहे है। ये लकडकट्टे सूचना देने के बावजूद भी पुलिस अधिकारी मौके पर जाने से कतराते है यह मछरेहटा के उप निरीक्षक लोगो से जब यह पूछा जाता है कि हरे भरे पेड़ काटे जा रहे है तो ये बहाना बताते है कि उन्हें कोई जानकारी ही नही है सूचना देने के बावजूद भी कोई भी पुलिस कर्मी कटान रोकने नही जाता। वही वन विभाग को जब कभी भी सूचना देकर उनका पक्ष लिया जाता है तो कहते हैं कि मौके पर पहुंच रहा हूँ। बृहद स्तर के बिना परमिट के कटान पर वन विभाग का कोई अधिकारी नही बल्कि वाचर को भेजा जाता है। मछरेहटा पुलिस व वन रेंज मिश्रिख के अधिकारियों की यह कार्यशैली अपने आप में एक सवाल है की आखिर दो विभागों के द्वारा अंधाधुंध कटान पर कोई अंकुश नही है क्या? मछरेहटा क्षेत्र में कमीशन बाजी पर सारा खेल हो रहा है? फिलहाल रविवार को मछरेहटा थाना क्षेत्र से लगभग दो किलोमीटर दूर एक गांव में लकडकट्टो द्वारा आम, गूलर के पेड़ों पर आरा बिना परमिशन के चलाया गया। मछरेहटा पुलिस के हल्का उप निरीक्षक व वन रेंज को सूचना दी गयी बावजूद पुलिस मौके पर नही पहुंची। वन विभाग पिछले 24 घण्टो में अभी कोई ठोस कार्यवाही नही कर पाया है।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि संचालित निर्माण कार्यों की पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। जर्जर परिषदीय विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, यू0पी0सी0एन0डी0एस0, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों के सापेक्ष आवंटित धन का उपभोग प्रमाण-पत्र समय से प्रेषित कर दिया जाये तथा शेष धन आवंटन हेतु मांग पत्र समय से प्रेषित किया जाये। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को आकर्षक रूप से कराया जाये। निर्माणाधीन सेतुओं का निर्माण समय से पूर्ण कराने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम के झंडे को दबंगों ने जलाया, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

भगवान श्री राम के प्रतीक के रुप में जाना जाने वाले भगवा ध्वज को अराजकतत्वों द्वारा जलाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया और सामूहिक रूप से अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर पुलिसिया कार्रवाई की मांग किया। वही इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। फरेंन्दा सर्किल के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरहनी के चंदनपुर चौराहे पर भगवा धार्मिक झंडे को ग्रामीणों ने अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पिछले महीने लगाया था जिसे अराजकतत्वों द्वारा बीते दिन रात में जला दिया हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान कर रहीं हैं।जहां एक तरफ पूरा देश पिछले 22 जनवरी को श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उत्सव मनाया है तो वहीं दूसरी और अराजकतत्वों द्वारा धार्मिक झंडे को जलाकर माहौल बिगाड़ने में लगे हुए हैं।



जितेंद्र यादव, अजय चौधरी, गोविंद, सुदामा पासवान,सतीश श्रवण कुमार,अजय सिंह, रमेश, भाजपा नेता बम भोले मौर्या, शिवा, हरिकेश ,श्याम सिंह, विशाल गुप्ता आकाश सिंह, रवि प्रताप सिंह दिनेश, अरविंद , ओम प्रकाश सहित राजनीश शर्मा आदि ग्रामीणों ने पुरन्दरपुर थाने में धार्मिक झंडा जलाने वाले आरोपीयों के खिलाफ पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

इस संबंध में फरेंदा क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा दी गई अज्ञात के खिलाफ तहरीर पर जांच की प्रक्रिया चल रही है, सीसीटीवी फुटेज के जरिये आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से रबी की फसलों को हो रहा भारी नुकसान

जन एक्सप्रेस। महोबा

बेमौसम हुई बरसात तथा ओलावृष्टि से खेत खलिहानो मे खड़ी और पड़ी फसले हुई नेस्तनाबूत इस दैवीय आपदा से आहत कृषक फसलों की दुर्दशा देख दहाड़ मारकर रोये। मंगलवार के रोज सुबह 8 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक पश्चिमी हवाओ के साथ रूक-रूककर हुई बारिश और ओलावृष्टि से खेतो मे कटी पड़ी मटर, चना, मसूर तथा लाही की फसलो को भारी क्षति पहुँची है। खेतो मे खड़ी गेहूँ की फसल लोटपोट हो गयी है। किन्ही-किन्ही ग्रामो मे हुई ओलावृष्टि से खेत खलिहानो मे कटी पड़ी फसले 70 से लेकर 80 प्रतिशत तक क्षति पहुँची है। किसी किसी खेत मे इतनी अत्याधिक ओलावृष्टि हुई कि रवि की खड़ी फसल जमीदोज हो गयी है। गांव ग्रामो मे मिली खबरो के अनुसार खौनरिया, करहरा, सालट, कमालपुरा, नरेडी आदि आस पास के ग्रामो मे हुई जबरजस्त बारिश और ओलावृष्टि से रवि की फसलो को भारी नुकसान हुआ है तथा खेत मे कटी पड़ी मटर, चना मसूर की फसले 8 घंटे तक रूक रूककर हुई बारिश और ओलावृष्टि से जमीदोज हो गयी है। इस बेमौसम बरसात से कृषको की एक वर्ष की मेहनत पर पानी फिर गया है। जिधर निगाह डालो वहॉ खेत खलिहानो मे खड़ी व पड़ी फसले नेस्तनाबूत नजर आ रही है। आठ घंटे की बारिश से खेत खलिहानो मे कटी तथा पड़ी फसले अंकुरित हो उठी है और दुर्गंध भी देने लगी है। कृषको ने शासन से राहत की गुहार लगाई है। खेतो खलिहानो मे कटी व कड़ी फसलो को देखकर कृषको ने बहुत सारे अरमान सोच रखे थे। बेटा, बेटी की शादी के लिए फसलो को देखकर उम्मीद लगा रखी थी, परंतु बेमौसम हुई बरसात और ओलावृष्टि से कृषको के सपने चकनाचूर हो गये है। अब फसले नेस्तनाबूत हो जाने से बेटा और बेटी की शादी की चिंता सताने लगी है।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। भलुअनी, देवरिया

नगर पंचायत भलुअनी में एक समुदाय द्वारा जमीन कब्जाने की नीयत से त्योहार पर साफ सफाई की आड़ में फर्जी कब्र बनायी गयी थी । जानकारी होने पर कुछ स्थानीय हिन्दू युवाओं ने प्रशासन को सूचित कर कार्रवाई की माँग की ।

इसी मामले से खार खाया भलुअनी निवासी अब्दुल कादिर अपने फेसबुक आईडी पर स्थानीय व्यापारी व भाजपा नेता दिनेश गुप्ता व उनके परिवार पर अपमानजनक व अभद्र टिपण्णी के साथ पोस्ट किया था । पोस्ट के वायरल होते ही स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश फैल गया । दिनेश गुप्ता ने आरोपी द्वारा सामाजिक छवि खराब करने को लेकर थानाध्यक्ष अनिल कुमार को अब्दुल कादिर के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की माँग की, इस दौरान एसडीएम बरहज व नायब तहसीलदार रमेशचंद्र गुप्ता ने भी मामले का संज्ञान लिया ।

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अष्टभुजा श्रीवास्तव, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, पूर्व ग्रामप्रधान दिनेश सिंह, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शौर्यप्रताप सिंह, रंजन सिंह, विनोद मद्धेशिया, रविशंकर सिंह, हरेंद्र सिंह सहित अन्य लोंगों ने इस मामले में आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करते हुये कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की प्रशासन से माँग की । थानाध्यक्ष ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मासिक विचार गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों से पुलिस अधीक्षक ने किया संवाद



**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ समायिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, इस दौरान किसी प्रकार की कोई शिकायत, समस्या प्रकाश में नहीं लायी गयी। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सांसद, विधायक एवं उनके जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त होगी साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी। इस दौरान अवधेश गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा, रोहित कटियार विधायक चरखारी प्रतिनिधि, राहुल अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि तथा जनपदीय पुलिस से रविकान्त, क्षेत्राधिकारी चरखारी उपस्थित रहे।

### छात्रा को गांव का ही प्रेमी लेकर फरार

**जन एक्सप्रेस/खुखुंदू,देवरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 12वीं कक्षा की छात्रा को लेकर गांव का ही प्रेमी युवक फरार हो गया है। दो दिन खोजबीन करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो छात्रा की मां ने थाने पहुंचकर पुलिस से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोमवार को गांव के प्रेमी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि सर्विलांस से मोबाइल फोन ट्रेस कर प्रेमी को गिरफ्तार किया जाएगा। खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी कस्बे के एक इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है। गांव का एक 21 वर्षीय युवक ने छात्रा को अपने प्यार के जाल में फंसा लिया है। तकरीबन डेढ़ सालों से प्रेमी युवक छात्रा के पीछे पड़ा था। उससे बात करने के लिए मोबाइल फोन भी खरीद कर दे रखा है। जबकि प्रेमी युवक गुजरात में पिता के पास रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। एक सप्ताह पहले ही वह घर आया था। चार दिन पहले छात्रा की मां ने दोनों को मोबाइल फोन पर बातचीत करते पकड़ लिया। इसके बाद छात्रा के घरवालों ने प्रेमी युवक के दरवाजे पर चढ़कर उसकी पिटाई कर दी। उधर, इसी दौरान छात्रा को भी फोन से बात करने के लिए मनाकर डांटा-फटकारा गया। आरोप है कि प्रेमी युवक छात्रा को लेकर फरार हो गया है। मां ने आसपास गांवों समेत सभी रिश्तेदारियों में फोन कर पता किया। लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चला। फिर थाने पहुंचकर तहरीर दी।

### जिलाधिकारी ने किया एफडीआर तकनीक से निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एफडीआर टेक्नोलॉजी के अन्तर्गत निर्माणाधीन पैकेज संख्या यूपी 20129 सम्पर्क मार्ग टी 6- भटनी से बैकुण्ठपुर का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम सभा अहिरौली में एफडीआर के कार्य प्रगति में पाया गया कि मार्ग पर रिक्लेमर मशीन चल रहा था। साइट पर कार्य मानक के अनुरूप पाया गया। डीएम ने कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 898.91 लाख रुपये की लागत स 9.5 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कार्य को 16 अप्रैल 2024 तक पूर्ण होना है। मौके पर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, श्वेता मौर्या, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0, देवरिया, मनीष कुमार, शिवा सिंह, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0, देवरिया व अन्य मौजूद रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 16 वीं किशत हस्तान्तरित किये जाने का कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सिंह ने बताया है कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पात्र किसानो को 16 वीं किशत प्रधानमंत्री द्वारा उनके बैंक खातो में हस्तान्तरित किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित है, इस अवसर पर प्रत्येक विकास खण्डो पर सजीव प्रसारण प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि विकासखण्ड स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम (पी0एम0 किसान उत्सव दिवस) एवं जायद गोष्ठी अभियान-2024 के अन्तर्गत जनपद के सिचाई सुविधा वाले क्षेत्रो में अच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि का विकास खण्ड स्तरीय जायद गोष्ठी, 2024 का आयोजन प्रत्येक विकास खण्डो पर प्रातः 10 बजे से किया जायेगा, जिसमे प्रत्येक विकास खण्ड से अधिक से अधिक कृषको से जायद गोष्ठी मे दलहन, तिलहन विशेष रूप से उर्द, मूंग, मूंगफली और मक्का जैसी फसलो की बढावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधार, जिप्सम उपयोग हरी खाद का मृदा परीक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर वार्ता करायी जायेगी।

### दस उपनिरीक्षकों समेत 103 कांस्टेबलों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने 10 उपनिरीक्षकों समेत 103 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया। एसपी द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार उपनिरीक्षक विपिन कुमार को थाना डकोर से हटाकर साइबर सेल पुलिस आफिस भेजा। आटा थाने में तैनात दरोगा नन्हेलाल को वही पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक पद पर नियुक्त किया। वहीं वरिष्ठ उपनिरीक्षक आटा को पद से हटाकर थाना आटा में ही उपनिरीक्षक पद पर कार्यरत किया। कोंच कोतवाली में रहे उपनिरीक्षक मंसूर अंसारी को प्रभारी फील्ड यूनिट बनाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक माधौगढ़ शैलेन्द्र कुमार को थाना कोटरा भेजा। वहीं कोटरा में तैनात दरोगा विश्राम सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक माधौगढ़ बनाया। थाना नदीगांव से दरोगा गोकुल सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना डकोर नियुक्त किया। दरोगा गौतम सिंह को एसएसआई डकोर के पद से हटाकर थाना नदीगांव भेजा। दरोगा उदय पाल को रामपुरा थाने से व दरोगा कामता प्रसाद सिंह को थाना माधौगढ़ से पुलिस लाइन भेजा। इसी क्रम में 93 पुलिस कर्मियों के भी कार्यक्षेत्र बदल दिए है।

## सपा युवा कार्यकर्ताओं ने कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी का फूंका पुतला




जन एक्सप्रेस। उरई

समाजवादी पार्टी युवजन सभा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ यादव व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध2यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाईगर ने मंगलवार को दलगंजन सिंह तिराहे पर सैकड़ो युवा कार्यकर्ताओं के साथ राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने पर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी का पुतला फूंका।

इस दौरान युवजन सभा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ यादव ने कहा कि हर एक में साहस नहीं होता है कि सरकार के खिलाफ खड़ा हो जाए। सरकार के खिलाफ खड़ा होने के लिए साहस चाहिए। जो लोग गए हैं उनमें साहस नहीं रहा होगा। यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाईगर ने कहा कि जनता सब देख रही है। ये क्या मुंह लेकर जाएंगे जनता के सामने। गिनती वाले चुनाव में तो जीत सकते हैं, लेकिन जनता वाले चुनाव में भाजपा नहीं जीत सकती है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा सुनील यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी फरहाद उल्ला, हेमन्त पाल धनगर, धीरेन्द्र यादव शनि, पवन सेंगर, शांतनु यादव, सभासद माधव यादव,विजय निरंजन, मिलन यादव, सोहिल खान सरसई, अशफाक अली, शिवा यादव, आफताब अली,संजय वर्मा, इसरार सिद्दीकी, रामा सोनी, सुमित राज यादव, अतुल सिंह, गिरराज कुशवाह, मनु सिंह, प्रधुम चौहान, हिमांशु खरका, अंशु बजरिया, शारूख खान, लोकेंद्र, आदर्श, सत्यम शिवहरे, राजा खान, मुबीन अहमद, शहबाज खान, जीशान अली, दानिश खान, आदि नौजवान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऐधा में खेत पर संदिग्ध हालत में मिली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पति ने अनहोनी की आशंका जताई है। पीएम हाउस में मौजूद ग्राम ऐंधा निवासी जमुना दास ने बताया कि उसकी पत्नी ममता 34 वर्ष बीते रविवार को रोज की तरह खेत पर काम करने गई थी। देर शाम तक जब वह वापस घर नहीं लौटी, तब वह पत्नी की खोज करते हुए खेत पर पहुंचा। जहां उसे वह अचेत हालत में मिली। इतना ही नहीं उसके शरीर में चोटों के निशान थे। इसके बाद उसने थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी और पत्नी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर दो दिन चले इलाज के बाद सोमवार रात को उसकी मौत हो गई। पति ने पत्नी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि शुरुआती छानबीन में महिला का बीमार होना सामने आया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना की सही जानकारी होगी।

## राजस्व कर्मचारियों ने चलाया 238 गांवों में डिजिटल क्राफ्ट ई-पड़ताल कार्य

जन एक्सप्रेस। कालपी



उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देशन के अनुरूप राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे की पड़ताल का कार्य 238 ग्रामों में गतिशीलता से चलाया जा रहा है। नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह ने बताया कि तहसीलदार अभिनव तिवारी के निर्देश के अनुरूप क्राप्ट सर्वे का ऑनलाइन काम 28 फरवरी को पूरा कर लिया जायेगा।

कालपी तहसील में ई पड़ताल का कार्य उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की मॉनीटिरिंग में चलाया जा रहा है।

प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी की जाती है। सर्वेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव-गांव जाकर खेतों की फसल का सर्वे किया गया है। नायब तहसीलदारों हरदीप सिंह तथा नीलमणि सिंह के द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जब कि कानूनगो को सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंप गई है। उन्होंने बताया कि खेतों की पकी फसलों गेंहू, लाही, ज्वार, मटर तथा तिली आदि की पड़ताल का कार्य कदौरा विकास खंड तथा महेवा विकास खंड के गांवों में चल रहा है। राजस्व विभाग के कार्यों की जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के कार्यो को गतिशीलता से निपटाने के लिए तहसीलदार अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई है।

## विकार और बुराइयों का दान करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है: बीके सुधा बहन



जन एक्सप्रेस। महोबा

महोबा सेवाकेंद्र सद्भावना भवन में शिवरात्रि का कार्यक्रम एवं शिव ध्वजरोहण किया गया। जिसमें महोबा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सुधा बहन ने सभी बीके भाई बहनों को शिवरात्रि के पावन पर्व का महत्व समझाते हुए कहा कि शिव और रात्रि दो शब्दों से मिलकर शिवरात्रि बना है। जिसका आध्यात्मिक अर्थ है। शिव माना कल्याणकारी और रात्रि माना अंधकार। जब परमपिता शिव परमात्मा इस धरा पर अज्ञान रूपी अंधकार में आते है और हम सब मनुष्य आत्माओं कल्याण करते हुए ज्ञान रूपी प्रकाश जीवन में भरते है। जिससे सभी मनुष्य आत्माएं इन विषय, विकार और बुराइयों को छोड़कर सदमार्ग पर चलते है और अपने जीवन को खुशनुमा जीवन बनाते हैं।

### हत्यारो को मिला कारावास

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** मंगलवार के रोज खचाखच भरे न्यायालय मे विद्वान न्यायाधीश जिलाजज जयप्रकाश यादव ने हत्यारो को आजीवन कारावास तथा 7-7 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। दोनो हत्यारो को पुलिस ने न्यायालय मे ही गिरफ्त मे लेकर जेल भेजा है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचहरा निवासी ओमप्रकाश पुत्र कल्लू यादव, हरीप्रसाद पुत्र बद्री ने गांव के ही युवक की लाठी डण्डो से पीट पीटकर वीभत्य हत्या कर दी थी। घटना की रिपोर्ट मृतक युवक के पिता द्वारा सदर कोतवाली महोबा पहुँचकर मुकद्मा अपराध संख्या 294/20 धारा 302, 201 के अर्न्तगत दर्ज करायी थी। सदर कोतवाली पुलिस ने मुकद्मा पंजीकृत करने के पश्चात् मृतक युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम कराया था तथा हत्यारे ओमप्रकाश पुत्र कल्लू यादव तथा हरीप्रसाद पुत्र बद्री निवासी ग्राम पचहरा को बंदी बनाकर जेल भेजा था।

## महिलाओं-बालिकाओं को मिशन शक्ति टीम ने आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। महोबा

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेजों, गांवों, कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक किया गया।



इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं, हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

## शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्रों को वितरित किये गए प्रमाण-पत्र

जन एक्सप्रेस। पनवाड़ी/महोबा

शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में विगत दिनों भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन गायत्री परिवार की ओर से हर वर्ष कराया जाता है जिसमे सामाजिक ऐतिहासिक प्राचीन संस्कृति से सम्बन्धित प्रश्न लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमे 100 मार्क्स का प्रश्न पत्र होता है तो उसी परीक्षा में मेधावी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश अनुरागी एवं भाजपा नेता नीरज द्विवेदी व किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रकाश मिश्रा के द्वारा सभी मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किये गए जिसमे आरती कक्षा 8 की स्टूडेंट्स ने 89 अंक पाकर एवं कंचन कक्षा 8 ने 88 अंक पाकर स्कूल में सबसे अच्छे अंक प्राप्त किये एवं सोलह और अन्य स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ग्रेड पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक खेमचंद्र, रामसिंह, कृष्णकांत, स्वाति, सोनम, रश्मि, क्रांति, कौशल्या, प्रदीप सिंह सहित सभी स्टूडेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल संचालक उपेन्द्र द्विवेदी ने किया। स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामनाये दी। उन्होंने कहा कि अच्छी से अच्छी सुविधाओं से युक्त साईंधाम स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा का बढ़िया प्लेटफार्म है।



### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मंगलवार को थाना बनकटा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान सोहनपुर बाजार के एकडंगा मोडं के पास से एक काले रंग की मोटरसाइकिल स्पेलंडर BR29AW7953 व 03 पेटी देशी शराब बंटी बबली टेट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद करते हुए 02 अभियुक्त क्रमशः अब्दुल करीम पुत्र जैनूद्दीन निवासी जीरादेई जामापुर थाना जीरादेई जिला सिवान बिहार, अवधेश पाण्डेय पुत्र रामकोल पाण्डेय निवासी धमौली थाना लार देवरिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद शराब व वाहन को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों के भरवाये गये फार्म

जन एक्सप्रेस। महोबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण मे जनपद की समस्त पॉच निकायों मे कुल आठ स्थानों पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए लाभार्थियों के आवेदन कराये गये योजनाओं की जानकारी हेतु पत्रक, बुकलेट एवं केलेण्डर आदि वितरित किये गये। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना, पीएम उज्जवला योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाये जाने हेतु जनपद मुख्यालय मे वैन मे प्रसारण कर योजनाओं के बारे मे उपस्थित जनसमूह को विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष डॉ0 संतोष चौरसिया द्वारा लाभाथियों को टी- शर्ट एवं कैप




आदि वितरित किये गये। बाल्मीकि चौराहा में लगाये गये कैम्प में पीएम उज्जवला योजना की पात्र लाभार्थी महिलाओं को गैस चूल्हा आदि वितरित किये गये। कैम्प मे विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये जहॉ पहुँचने वाले पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र भरे। आयुष्मान कार्ड योजना के लाभार्थियों को कार्ड निर्गत करने हेतु मौके पर आधार कार्ड के माध्यम से उनकी पात्रता के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

कार्यक्रम मे उपस्थित अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि जनपद मुख्यालय मे पालिका सीमान्तर्गत नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा हवेली दरवाजा मैदान, बाल्मीकि चौराहा, फतेहपुर बजरिया एवं सुभाष चौक मे विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के साथ कैम्प लगाये गये है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जन्मेजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अतिरिक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैम्प नगर पालिका परिषद चरखारी मे बस स्टैण्ड मे नगर पंचायत कुलपहाड़ मे गांधी वार्ड चौधरी तालाब के पास नगर पंचायत कबरई मे कलशाहा बाबा धाम राजेन्द्र नगर मे तथा नगर पंचायत खरेला मे शनिचरी बाजार वार्ड सादराय 1 मे कैम्प लगवाये गये, जहॉ सैकड़ों की संख्या मे पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने आवेदन भरवाये गये हैं।

# पांच करोड की निर्माण परियोजनाओं का सांसद ने किया शिलान्यास

**35 सड़कों, दो स्मारक सहित होने है अन्य निर्माण**

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने लगभग 5 करोड़ की लागत से निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें 35 सड़को का निर्माण होना है। नगर निगम, सोहावल, हैरिंग्टनगंज व अमानीगंज ब्लाक की 6-6 सड़कें मिल्कीपुर ब्लाक में दो, मसौधा में आठ तथा पूरा बाजार ब्लाक की 7 सड़कें शामिल है। जिनकी कुल लागत 4 करोड 10 लाख है। पूराबाजार में गांधी स्मारक की लागत 33.75 लाख तथा रूदौली में लोधी स्मारक की लागत 36.48 लाख का निर्माण होना है। कम्पोजिट विद्यालय बीकापुर में किचन शेड तथा शौचालय की लागत 10.50 लाख, सोहावल ब्लाक के सुरवारी में किचन तथा शौचालय लागत 8.5 लाख व सिवार में किचन शेड लागत 7.25 लाख का निर्माण होना है। सभी निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है।

आवागमन की सुविधा होने से क्षेत्र में व्यापार की सम्भावनाएं बढ़ती है। सरकार के सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है। इससे कोई व्यक्ति, वर्ग और को भूभाग छूट न पाए।

समग्र विकास के दृष्टिकोण का मजबूत आधार सर्वसमावेशी विकास की जनकल्याणकारी योजनाएं है। जिसका लाभ सभी पात्र को बिना भेदभाव दिया गया है।

इस अवसर पर नगर निगम के उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, संतोष सिंह, बृजेन्द्र सिंह, रणधीर सिंह डब्लू, इंद्रभान सिंह, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, लक्ष्मी सिंह, लक्ष्मी पाण्डेय, अशोका द्विवेदी, नीलम जायसवाल, सुनीता गुप्ता, सीता सिंह, आराधना, माया सिंह, सुरेन्द्र यादव, राजकुमार सचदेवा, योगेश मिश्र, खलिद कुरैशी, आरईएस के अवर अभियंता अशीष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 9 को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के आदेशानुसार माह मार्च में दिनांक 5 माच से 7 मार्च तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष अदालत एवं 9. मार्च दिन शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एन0आई0 एक्ट की धारा 138, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम से संबन्धित वाद, श्रम वाद एवं भूमि अध्याप्ति वाद राजस्व वाद, ऋण वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाना है।

कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च में पारिवारिक प्री-लिटिगेशन मामलों को सुलह समझौता के माध्यम से निपटा सकते हैं एवं कोई भी व्यक्ति अपने पारिवारिक विवाद को पंजीकृत होने से पूर्व प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजकर सुलह समझौता द्वारा अपने पारिवारिक विवाद को प्री-लिटिगेशन स्तर पर खत्म कर सकते हैं और अपने धन और समय की बचत कर सकते हैं। त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक नागरिक का अधिकार है आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक के किसी भी न्यायालय या विभागीय ऐसे मामले जो सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं, के लिये आवेदन पत्र देकर वादकारी अंतिम आदेश और निर्णय प्राप्त कर कर सदैव के लिये लम्बित मामलों से छुटकारा पा सकते हैं लोक अदालत में किसी भी वाद के निस्तारण के लिये किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ेगा एवं पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौता के आधार पर विवाद का निस्तारण किया जा सकता है।अतः जनपद के सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि आगामी लघु आपराधिक वादों की विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने अधिक से अधिक संख्या में वाद सुलह समझौता के माध्यम से नियत कर निस्तारित करवायें एवं दिनांक 5 मार्च से दिनांक 7 मार्च तक चलने वाली विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 9 मार्च का लाभ उठायें।

# सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन एक मार्च को

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह एक मार्च को 12 बजे करेंगी। प्रतियोगिता का समापन 3 मार्च को प्रदेश सरकार की बाल विकास एवं महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य करेंगी। आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा महिला मोर्चा को सौंपी गई है।

प्रतियोगिता आयोजन को लेकर सांसद लल्लू सिंह ने महानगर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ लोक सभा कार्यालय पर बैठक की।

बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में सांसद ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। सरकार के प्रयासों से खिलाड़ियों में निखार आया है। जिसका परिणाम स्वरुप आज अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर हो गया है।

आयोजक मंडल के सदस्य अनुप दुबे ने बताया कि आयोजन एक से तीन मार्च के बीच मकबरा स्थित डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान कबड्डी, खोखो, रस्साकशी, 100, 200, 400, 800 दौड़, 100 गुणा 4 रिले, लांग जंप का आयोजन होगा।

कबड्डी, खोखो, रस्साकशी के विनर को 15 हजार व रनर को 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। लांग जंप व दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 द्वितीय पुरस्कार 3100 व तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए दिया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बैठक में महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, अशोका द्विवेदी, बसंती सिंह, प्रतिमा शुक्ला, लक्ष्मी सिंह, यमुनोत्री केसरवानी, लक्ष्मी पाण्डेय, मंजू गुप्ता, नेहा तिवारी, नीलम जायसवाल, सुनीता गुप्ता, नीता शर्मा, शकुंतला गौतम माया सिंह, आराधना, अनीता द्विवेदी, सीता सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# अयोध्या निवासियों को, राम राज्य की तरह सुखी व प्रसन्न कीजिए: सतगुरु दलीप सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



नामधारी मुखी सतगुरु दलीप सिंह ने अयोध्या निवासियों को सुखी व प्रसन्न करने हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार और बड़े-छोटे अधिकारियों को विनती करते हुए कहा कि अयोध्या नगरी को सुंदर बनाने हेतु, जिन लोगों के घर व दुकानें टूटी हैं; वह लोग बी.बी.सी. आदि टी.वी. चैनलों पर बोल कर, अपने दुख बयान कर रहे हैं। इस लिए, कृपया कोई ऐसा ढंग बनाया जाए, उनको इतना प्रसन्न कर दिया जाए कि वह मुक्त कंठ से सरकार व प्रशसन की, टी.वी. चैनलों व सोशल मीडिया पर बोल कर शोभा करें। इस कार्य में चाहे जितना भी धन खर्च हो जाए; वह लाभकारी ही होगा। अयोध्या निवासियों तथा पूरे विश्व को पता चलना चाहिए कि प्रभु राम जी का मंदिर बन रहा है, तो राम राज्य हो कर उनका जीवन पहले से कहीं अधिक सुखद हो गया है। हम सभी मानते हैं कि राम राज्य में तो कोई भी दुखी नहीं था और आज राम लला जी की मूर्ति के स्थापित होने के पश्चात भी कोई दुखी नहीं होना चाहिए: भले ही वह मुसलमान, हिंदू या कोई भी हो। सिख पंथ में कई संप्रदाय हैं, जिन में से एक संप्रदाय नामधारी/कुका के नाम से जानी जाती है।

नामधारी संप्रदाय भगवान रामचंद्र जी को गुरुवाणी में लिखे अनुसार अपना सतगुरु तथा सिख गुरु साहिबान के पूर्वज मानती है। और, सनातन धर्म से अपना नाता जोड़ कर रखती है। नामधारी सिख अपने वर्तमान गुरु, सतगुरु दलीप सिंह जी के आदेश अनुसार भाजपा तथा प्रशासन के साथ है। इस कारण, वह चाहते हैं कि सब लोग भाजपा सरकार तथा प्रशासन की शोभा करें। नामधारी पंथ के सूबा (गवर्नर) अमरीक सिंह जी ने बताया कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के समर्थन में और हिन्दुओं के पक्ष में पूरे सिख पंथ में से केवल नामधारी सिख सम्प्रदाय ही खुलकर सामने आया है तथा अयोध्या में राम भक्तों की सेवा के लिए सतगुरु जी के आदेशानुसार, नामधारी सिखों द्वारा हनुमान गुफा में लंगर (भंडारा) मकर सक्रांति से प्रारम्भ हुआ।

# मोदी के नेतृत्व में पुनः बनेगी केन्द्र की सरकार: विजय बंसल

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

3 मार्च 2014 के बाद विश्व गुरू की तरफ बढते भारत के कदम 17 साल 6 माह 6 दिन मोदी सरकार नवम्बर 2031 तक । 2024 लोक सभा चुनाव का परिणाम अर्न्तआत्मा की आवाज से निकला 385 अधिकतम 406 व न्यूनतम 364 भारतीय जनता पार्टी/घटक दल को प्राप्त होगी। 2014 के बाद मोदी जी के द्वारा दिया गया नारा सबका साथ सबका विकास के अनुरूप काम हो रहा है। इतना ही नही परिवारवाद, जातिवाद, आतंकवाद, भ्रष्टाचार और गरीबी को खत्म किया जा रहा है और स्त्री शक्तीकरण , किसानों का विकास और युवा शक्तिकरण का काम किया जा रहा है। जिसके फलस्वरू आम भारतीय के परिवारों से मुख्यमंत्री और मंत्री बनने शुरू हुए है लम्बे चौड़े हाइवे रेलवे विकास नया संसद भवन इत्यादि कामो को देखते हुए आने वाली पीड़ियों को विश्वास करना मुश्किल होगा। कि कभी पीएम नरेन्द्र मोदी जैसे मानव ने जन्म लिया था। जो बिना रूके बिना थके 18 से 20 घण्टे काम करके भारत वर्ष को पूरे विश्व में सम्मान बढ़ाया और विश्व गुरू बनने की तरफ दिशा प्रदान की। मेरा मनाना है कि अयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर का निर्माण व शिलान्यास के बाद भारत वर्ष में समृद्धि आयी हिन्दू मुस्लिम विवाद समाप्त हुआ मैंने बहुत पहले लिखा था कि रामराज्य और मोदी के नेतृत्व में कोई अन्तर नही है मोदी की चार जातियां भारत को विश्व गुरू की तरह बढ़ते कदमों में मील का पत्थर साबित होगी। जिस प्रकार स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका की धरती पर वहां के नागरिकों को भाईयो व बहनों कहकर सम्बोधित किया उस समय पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा उसी प्रकार पीएम नरेन्द्र मोदी जनता जर्नादन को दूसरे नेताओं की तरफ जनता जनार्दन नही कहते है। उन्हे अपना परिवार कहकर सम्बोधित करते है मेरा मनाना कि 2024 लोकसभा चुनाव में बहुत सी पार्टियां भारत मुक्त हो जायेगी। पूर्व में लिखे हुए पत्र से अगर आप सहमत है। तो इस कार्यक्रम राष्ट्रीय चैनल पर चलवाया जाय ताकि मेरे द्वारा लिखा गया लोकसभा का रिजल्ट 26 मार्च 2022 को लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता की जाय आप और आपका परिवार स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे।

# एमएससी बॉटनी के शैक्षिक भ्रमण दल ने अंतिम दिन देखे ऐतिहासिक स्थल

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पीजी कॉलेज में एमएससी वनस्पति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपने शैक्षिक भ्रमण के अंतिम दिन मंगलवार को कई प्रमुख ऐतिहासिक स्थलो का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विभिन्न स्थानों बाइसन लॉज, प्रोटोस्टेट क्राईस्ट चर्च व जटा शंकर महादेव का भ्रमण किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं का भ्रमण दल विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के संरक्षण तथा मोहम्मद अकमल के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण के अंतिम दिन कई प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जानकारी दी गई कि प्रोटोस्टेट क्राईस्ट चर्च का निर्माण पूर्वी बंगाल इन्फेन्ट्री के जनरल एंव पंचमढ़ी में वर्षो तक रहे सहायक कमान्डेंट फ्रेंकवर्ड मोरिस (1848-1878) की स्मृति में उनके व्यक्तिगत मित्रों द्वारा कराया गया था। इस चर्च के चारों ओर क्यूप्रसस के पेड़ लगे हुए हैं। जिनके बारे में विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने छात्रों को जानकारी दी। क्यूप्रसस एक जिमनोस्पर्म के कोनिफरेल्स कुल का सदस्य है। जो कि ज़्यादातर पहाड़ी इलाक़ों में उगता है।

इसी क्रम में हम सभी लोग बाईसन लॉज म्यूज़ियम गये।

सन् 1857 की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम लड़ाई के दौरान तात्या टोपे की तालाश में ब्रिटिश सेना के बंगाल लेन्सर्स के केप्टेन जे फोरसिथ विधीवशात यहाँ आ पहुँचे और सन् 1862 में पंचमढ़ी का प्रथम मकान बायसन लॉज उन्होंने अपने लिए बनवाया। अंततः पंचमढ़ी ब्रिटिश सेना का प्रमुख केन्द्र और मध्य भारत की उस समय की ग्रीष्म क़ालीन राजधानी बन गया।

हम सभी लोगों ने म्यूज़ियम का अवलोकन किया तथा डॉ मो0 अकमल ने छात्रों को म्यूज़ियम के बारे में तथा आस पास के पेड़ पौधों के जैसे पाइनस, एंव बैम्बू के बारे में जानकारी दी।

# भारत का मुसलमान किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है: डॉक्टर इंद्रेश कुमार

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



डॉक्टर इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संरक्षक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच विश्व शांति के दूत के दिशा निर्देशन में आज पुनः एक बार अयोध्या में मुस्लिम समाज ने रचा इतिहास। जहां एक तरफ राष्ट्रीय सद्भावना मंच और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शाह मलंग प्रकोष्ठ ने मिलकर के एक संयुक्त विशाल जनसभा बुलाई जिसका संबोधन करते हुए डॉक्टर इंद्रेश कुमार ने कहा कि आज भारत का मुसलमान राममय हो चुका है। ये वह मुस्लिम है जिन्होंने भारत के राम मंदिर के लिए कठिन संघर्ष किया हक के साथ आओ और भव्य राम मंदिर का निर्माण करो पूरे देश में जगह-जगह संगोष्ठियां किया जिसके परिणामस्वरूप श्री राम जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और पुनः यह मुस्लिम समाज के लोग लगातार अपने राम का दर्शन करने आ रहे हैं। और पूरे उल्लास के साथ करते रहेंगे । एनआरसी से भारत का मुसलमान खुश है और यह कानून सबके लिए और सर्व समाज के विकास के लिए है। अब भारत का मुसलमान किसी के बहकने में आने वाला नहीं है और जो राष्ट्र का विकास करेगा जो सबका साथ सबका विकास चाहेगा उसी के साथ भारत का मुसलमान खड़ा रहेगा। जनसभा संबोधन के बाद विशाल रैली के साथ डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी ने प्रभु भगवान श्री राम के भव्य दर्शन किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साध्वी कल्पना राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय सद्भावना मंच चांदनी शाह बानो राष्ट्रीय संयुक्त का शाह मलंग प्रकोष्ठ डॉक्टर ताहिर शाह प्रोफेसर मोहम्मद अहमद लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ मुख्य रूप से मुस्लिम धर्मगुरु सोनू बाबा वारसी अमरोही, जायदा बेगम शाह, फातिमा अली, नूरजहां शाह, रोशन जहाँ, खालिदा बानो, इस्लान शाह, मुनीर शाह, रौनक अली, मुहम्मद शमी खान, नकीर कुरेशी आदि लोग मौजूद रहे।

# नर्सरी व एलकेजी की सामान्य ज्ञान एवं नैतिक शिक्षा की परीक्षा सम्पन्न




जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को कक्षा एलकेजी तथा नर्सरी के छात्र-छात्राओं का सामान्य ज्ञान व नैतिक शिक्षा की वार्षिक परीक्षा क्रियाकलापों के आधार पर संपन्न कराई गई।

जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को 27 फरवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा-नर्सरी तथा एलकेजी में सामान्य ज्ञान एवं नैतिक शिक्षा का वार्षिक परीक्षा क्रियाकलाप के माध्यम से कराया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डाक्टर एमपी तिवारी व उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के नेतृत्व व कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान व नीलम श्रीवास्तव की संरक्षता में सामान्य ज्ञान की परीक्षा में बच्चें विभिन्न प्रकार के फलों की आकृतियाँ, सब्जियों की आकृतियाँ एव पशु पक्षियों की आकृतियों को पहनकर खेल के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर दिये। इसी क्रम में नैतिक शिक्षा की परीक्षा में एक दूसरे की कैसे मदद की जाती है तथा लोगों का कैसे सम्मान किया जाता है, क्रियाकलाप के माध्यम से अपने अध्यापक अध्यापिकाओं को बताया। जब बच्चें किसी विषय को गतिविघि के माध्यम से सीखते है, तब वे पूरे जीवन में कभी भूलते नही है। विषयों को रटकर सुनाने या लिखने से जल्द ही दिमाग से उतर जाता है, परन्तु गतिविधि से वे कभी भूलते नही है। कक्षा-नर्सरी तथा एलकेजी के छात्र-छात्राओं में सामान्य ज्ञान में मिशिता, इलमा, देवांशी, अवेद्या, अरायना, श्रद्धा, तृषा, अनुभव, पार्थ, यश, शानवी, विहान, अनुज, उत्कर्ष, आदिती, उत्सव, उत्कर्ष, कुशाग्र तथा आरव ने प्रतिभाग किया तथा नैतिक शिक्षा में अनुष्का, अनन्य, अनुष्का, वैष्णवी, आराध्या, जिकरा, अलीशा, तुलसी आदि छात्र-छात्र ने बढ़चढ कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा को दिखाया। अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डाक्टर तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं के कौशल को देखकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित अध्यापिकाओं में पूनम चौहान, रेशू तिवारी तथा नीलम श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## दो वाहनों में हुई आमने-सामने टक्कर, घायल

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** अयोध्या प्रयागराज हाईवे मार्ग पर बीकापुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत दक्षिण सीमा के निकट विपरीत दिशा से आ रही क्रेटा और ब्रेजा आमने सामने टक्कर होने से छः लोग हुए घायल। सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही स्थानीय कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ0 अनुराग गुप्ता के द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद दो की हालत गंभीर देखकर गहन इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या जा रही ब्रेजा पर सवार श्री राम मिश्रा पुत्र शिरोमणि मिश्रा जनपद सुलतानपुर तथा अयोध्या घोसियाना से सुल्तानपुर विवाह उत्सव में जा रहे क्रेटा पर सवार पांच लोग भी घायल हुए जिसमें मोहम्मद आदिल पुत्र मोहम्मद अनीस उम्र 21 निवासी घोसियाना नाका चुंगी, अरमान पुत्र मोहम्मद रईस उम्र 18 निवासी घोसियाना, शादाब पुत्र मोहम्मद नईम निवासी घोसियाना, मेहरबान अहमद पुत्र वसीर अहमद उम्र 28 घोसियाना, अदनान पुत्र मोहम्मद कईम घोसियाना उम्र 24 घायलों में शामिल है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



भारत में लोकसभा चुनाव जल्द ही संपन्न कराया जाएगा जिसको लेकर चुनाव आयोग ने तैयारी शुरू कर दी हैं इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी और जनपद के डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने तथा तैयारियों को पूरा करने के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 अब दूर नहीं है। कार्मिक व्यवस्था, निर्वाचन व्यय, ईवीएम एवं वीवीपैट व्यवस्था, डाक मतपत्र, यातायात व्यवस्था, लेखन सामग्री, कंट्रोल रूम, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप कार्यक्रम, वेबकास्टिंग, प्रेक्षक व्यवस्था, जुलूस/सभा संबंधी अनुमति, प्रोटोकाल कार्य में लगे नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को अभी से समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले। अपने कार्यों से संबंधित हैंडबुक आदि का अच्छी तरह से अध्ययन कर ले तथा कार्यों का आकलन कर ले। सभी नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ चुनाव के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से अच्छी तरह से निभाए।

आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कुल 1723 बूथ बनाए गए हैं, आगामी लोकसभा निर्वाचन को 7237 मतदान कार्मिक द्वारा संपन्न कराया जाएगा। डीएम ने सभी का मास्टर ट्रेनर के माध्यम से अच्छी तरह से प्रशिक्षण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम, तहसीलदार, क्षेत्राधिकार, सीएचओ पोलिंग बूथ बने विद्यालयों का गहन निरीक्षण कर ले। पोलिंग बूथ बने विद्यालयों में शौचालय, विद्युत, रैंप, फर्नीचर, पेयजल आदि भी व्यवस्था देख ले, यदि कोई कमियां है तो उसे समय से दूर कर ले। मतदान केंद्र पहुंचने का रास्ता अवश्य देख ले। मतदान केंद्र तक बड़े व छोटे वाहन सुगमता पूर्वक पहुंच सके यह सुनिश्चित कर ले। सड़क की भी गुणवत्ता देख ले, यदि कोई कमी है तो पीडब्ल्यूडी से उसे सही कर ले। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए चलाए जाने वाले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत वार स्कूल के छात्रों एवं युवाओं को ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए। अच्छा कार्य करने वाले छात्रों एवं युवाओं को पुरस्कृत भी किया जाए।

# सड़क निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग, जिम्मेदार अनजान

* सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर ठेकेदार की मनमानी की खुली पोल
* कलीनगर तहसील क्षेत्र के लालपुर से विधिपुर की सड़क का बताया जा रहा वीडियो

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत



> मामला संज्ञान में नहीं है। मनाही के बावजूद कुछ ठेकेदार सड़क के निर्माण में कार्मिशियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग करते हैं। फिलहाल जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -बृजेश कुमार मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक पूरनपुर

**पूरनपुर।** सड़क निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है। संबंधित विभाग के अधिकारियों की अनदेखी का फायदा उठाकर ठेकेदार मनमानी कर रहा है। आरोप है कि सड़क की मरम्मत में भी खानापूरी की जा रही है। मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग उठी है।

मामला कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव लालपुर से विधिपुर सड़क का बताया जा रहा है। बताते हैं कि इस गांव में कुछ दिन से सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। आरोप कि इसमें गुणवत्ता की अनदेखी कर खानापूरी की जा रही है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर सबाल उठाए लेकिन लेकिन मिलीभगत के चलते सुनवाई नहीं हुई। अब इसी सड़क का सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें मशीन में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग कर सड़क पर निर्माण कार्य हो रहा है। इससे तमाम तरह के प्रश्न उठ रहे हैं। यहीं नहीं ठेकेदार पर मनमानी और संबंधित विभाग के जिम्मेदारों पर भी अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क के निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है। यह सिलेंडर कहां से आए। इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही सड़क पर अब तक हुए निर्माण की गुणवत्ता की जांच हो तो ठेकेदार की गर्दन फंसना तय है।

# परिषदीय स्कूल के दो अनुदेशकों की मनमानी की खुली पोल, कटेगा वेतन

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

* सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों का बीईओ ने किया औचक निरीक्षण
* दुर्जनपुरकलां के उच्च प्राथमिक स्कूल में बिना सूचना के गायब मिले दो अनुदेशक

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के करीब आधा दर्जन परिषदीय स्कूलों का खंड शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। एक स्कूल में दो अनुदेशक बगैर सूचना के अनुपस्थित मिले। इससे उनकी मनमानी की पोल खुल गई। स्कूल परिसर में गंदगी भी पाई गई। अनुपस्थित दोनों अनुदेशकों का एक दिन का मानदेय काटने की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजी गई है। आस-पड़ोस के स्कूलों में भी खलबली मची रही। बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय स्कूलों के बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता मजबूत करने को शासन से जोर दिया जा रहा है। वहीं पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के कुछ स्कूलों में जिम्मेदारों की मनमानी और उदासीनता के चलते बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता सुधर नहीं पा रही है। आरोप है कि बगैर सूचना के तैनाती वाले स्कूल से कुछ शिक्षक गायब रहते हैं। इस प्रकार के मामले शिक्षा अधिकारियों के निरीक्षण में अक्सर उजागर हो रहे हैं। मंगलवार को भी सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह के औचक निरीक्षण में एक स्कूल के दो अनुदेशकों की मनमानी उजागर हुई।खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव कुरैया खुर्दकलां के प्राथमिक स्कूल में नामांकन के सापेक्ष छात्र संख्या कम मिली। उच्च प्राथमिक स्कूल में सब सही पाया गया। गांव दुर्जनपुर कलां के प्राथमिक स्कूल में शिक्षण कार्य होता मिला। इसी गांव के उच्च प्राथमिक स्कूल में अनुदेशक ज्योति मिश्र और विक्की बगैर सूचना के गैरहाजिर मिले। स्कूल में गंदगी भी परसी मिली। गांव जहूरगंज के प्राथमिक स्कूल में सभी स्टाफ कार्य करते पाए गए। सभी स्कूलों में एमडीएम और रजिस्टर आदि चेक किए। छात्र उपस्थिति संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बिना सूचना के अनुपस्थित दोनों अनुदेशकों का एक-एक दिन का वेतन काटने की संस्तृति बीएसए कार्यालय को भेजी गई है।

# शेरपुर कला में डीएम ने नियुक्त किया कार्यवाहक प्रधान

* 28 जनवरी को बीमारी के चलते हो गई थी महिला प्रधान की मृत्यु
* अगले आदेश तक ग्राम प्रधान के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे जावेद

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत शेरपुर कला में महिला ग्राम प्रधान अंजुम बेगम की मौत के बाद से रिक्त चल रहे प्रधान पद पर डीएम के आदेश पर ग्राम पंचायत सदस्य जावेद को कार्यवाहक प्रधान नियुक्त किया गया है। अगले आदेश तक जावेद ग्राम पंचायत प्रधान पद के समस्त पदीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। पूरनपुर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर कला ग्राम प्रधान अंजुम बेगम की 28 जनवरी 2023 को बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। महिला प्रधान की मृत्यु से गांव में हो रहे विकास कार्य प्रभावित हो गए रहे थे। सफाई व्यवस्था बदहाल होने से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ था। 21 फरवरी को ग्राम पंचायत सदस्य जुनैद खां ,शकील खां ,हसमुद्दीन खां,सुहैल,जावेद खां ,मंडल महामंत्री हाजी रियासत नूर खां ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर अवगत कराया था कि सबसे बड़ी ग्राम पंचायत होने के कारण गांव में व्यापक गंदगी फैली हुई है।जिसकी दुर्गंध से संक्रामक आदि रोग फैलने की आशंका जताई जा रही है। ग्राम पंचायत में कमेटी गठित करने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सदस्य जावेद को ग्राम प्रधान कार्यवाहक नियुक्त किया है। जावेद अग्रिम आदेश तक ग्राम प्रधान के सभी पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# बसंत कालीन गन्ने की बुआई को लेकर कबीरगंज में हुई किसान गोष्ठी

* किसानों को गन्ना बुवाई के बताए वैज्ञानिक तरीके
* गन्ना बीज शोधन एवं उर्वरक व रसायन की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत




**हजारा (पूरनपुर)।** लखीमपुर-खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर की ओर से ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ना वैज्ञानिकों ने बसंत कालीन गन्ने की बुआई को लेकर कृषकों को गन्ने की उन्नत व शीघ्र प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। रोग ग्रस्त गन्ने की बुवाई न करने की बात कही। लखीमपुर-खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर के द्वारा ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज में बसंत कालीन गन्ना बुआई में नई तकनीक और अधिक उपज प्राप्त करने के लिए एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान गोष्ठी में शाहजहांपुर गन्ना किसान संस्थान से आये वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ने की नई उन्नत व शीघ्र प्रजाति के बारे में, गन्ने की उपज बढ़ाने तथा गन्ने में लगने वाले रोगों के बारे में बारीकी से जानकारी देते हुए प्रकाश डाला। शाहजहांपुर गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ पी के कपिल ने वहां मौजूद प्रगतिशील किसानों को 0238 के विस्थापन के स्थान पर अन्य उन्नतिशील किस्मों जिसमें मुख्य रूप से 0118, कोशा 1420, को. 98014, कोशा.13235, को. 15023 इत्यादि प्रजातियों की बुआई करने को लेकर प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने भूमि शोधन के लिए ट्राइकोडरमा, बीज शोधन के लिए थायोफिनेट मिथाइल का इस्तेमाल करने की सलाह दी। साथ ही गन्ना बीज के दो आंख के टुकड़े कर ट्रेंच विधि के द्वारा बुवाई करने पर जोर दिया है जिससे गन्ने की पैदावार में बढ़ोतरी होगी। वैज्ञानिकों ने किसानों को जल भराव क्षेत्रों में को.98014 प्रजाति के गन्ने की प्रजाति की बुआई करने की सलाह दी। वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को गन्ने में लगने वाले रोग, कीट व गन्ने से संबंधित कई अन्य बीमारियों के बारे में तथा इनसे बचाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान मौके पर शाहजहांपुर गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ पी के कपिल, डॉ आरपी तिवारी, चीनी मिल संपूर्णानगर की प्रधान प्रबंधक विनीता सिंह, मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह, विकास लिपिक वेदव्यास मणि, गन्ना पर्यवेक्षकों में सत्येंद्र त्रिपाठी, राम मिलन, संजय सिंह, कल्पनाथ यादव के अलावा कृषक वेद प्रकाश शर्मा, जोगिंदर सिंह, सत्यदेव सिंह, गुरमीत सिंह, भगवान सिंह, पूर्व प्रधान रहुफ, मोहम्मद असलम, नंदू प्रसाद सैनी, यदुनंदन मद्धेशिया, राजू सहित सैकड़ो प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

# युवती को शादी का झांसा देकर बनाये शारीरिक संबंध

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**पूरनपुर।** तराई क्षेत्र के खेत में सोयाबीन काटने को गई युवती से मोबाइल नंबर लेने के बाद युवक ने बातचीत कर प्रेम प्रसंग में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने शादी की बात कही तो बहानेबाजी कर कर फोन बंद कर लिया। युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तराई क्षेत्र में मजदूरी पर सोयाबीन काटने जाती थी।इसी दौरान माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने फोन नंबर ले लिया। फोन पर बातचीत के बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। शादी का झांसा देकर युवक ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। शादी की जिद करने पर युवक ने टालमटोल कर फोन बंद कर लिया।आरोप है कि प्रेम प्रसंग की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती का कहना है कि उसका विवाह युवक के साथ नहीं हुआ तो जीवन बर्बाद हो जाएगा। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करिने की मांग की है।

## विवाहिता को दहेज लोभी ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से निकाला

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**बीसलपुर।** ग्रामीण ने अपनी पुत्री की शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार की थी। उसने अपनी सामर्थ के अनुसाद दान दहेज भी दिया लेकिन ससुरालीजन उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए अतिरिक्त दहेज में 20 लाख का प्लाट, 6 लाख नकद मांग करने लगे। विवाहिता ने अतिरिक्त दहेज दिये जाने से असमर्थता जताई इसी बात से खिन्न होकर ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चुर्रासकतपुर निवासी कल्यानराय पुत्र रामचरन ने अपनी पुत्री की शादी दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव मधवापुर निवासी उग्रसेन के पुत्र नीरज के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार की थी। उन्होंने अपनी सामर्थ के अपुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन ससुराली जन उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज में 20 लाख का प्लाट व 6 लाख नकद लेने की मांग करने लगे। विवाहिता ने अतिरिक्त दहेज देने से असमर्थता जताई तो ससुराली जनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

## सांसद वरुण गांधी ने शंकर साल्वेंट पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की



**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे आए सांसद वरुण गांधी ने दूसरे दिन मंगलवार की सुबह शंकर साल्वेंट पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जन समस्याएं सुनी। समस्याओं की बाबत उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद वरुण गांधी शहर में राजाबाग कॉलोनी स्थित अपने कार्यकर्ता कार्तिक सिंह के आवास पर गए और उनके पिता के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया। सांसद श्री गांधी राजाबाग कॉलोनी में ही अपने आईटी प्रभारी सूरज शुक्ला के आवास पर भी पहुंचे जहां उन्होंने शुक्ला की मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद बहेड़ी पहुंचे जहां उन्होंने संवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ सांसद सचिव कमलकांत, सांसद प्रतिनिधि अमित गंगवार, कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय, रमेश लोधी, बबलू वर्मा, जगदीश लोधी, राजेश सिंह, सुमित मिश्रा, सभासद अवतार सिंह मोनू, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, राधे गंगवार, अनिल किरन, राहुल पांडेय बूटा, सुमित सक्सेना, बालकराम, नन्हेंलाल कश्यप, हीरालाल, सुरेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जमालपुर की टीम बनी वालीबॉल प्रतियोगिता की विजेता

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन गांव के साधन सहकारी समिति के प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में आजमगढ़ की जमालपुर की टीम ने अपने ही जिले के तोवा की टीम को 21-14 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने प्रतिभाग किया विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि दिनेश यादव ने ट्राफी व पुरस्कार देकर हौसला अफजाई किया। प्रतियोगिता में आजमगढ़,



सुल्तानपुर, वाराणसी, जौनपुर, अंबेडकर नगर जिले की लगभग तीन दर्जन टीमों ने प्रतिभाग किया था। सेमी फाइनल में पहुंचीं टी डी कॉलेज की टीम तोवा आजमगढ़ की टीम से हार कर बाहर हो गयी। फाइनल मैच बरगी बनाम जमालपुर आजमगढ़ के बीच हुआ। जिसमें जमालपुर आजमगढ़ की टीम विजई रही। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों में उत्साह भरते हुए कहा कि खेल से शारीर और मस्तिष्क जहां स्वस्थ होते हैं,वहीं प्रतिभागियों में लक्ष्य के प्रति निरंतर आगे बढ़ते हुए उसे हासिल कर लेने को प्रेरित करता रहता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन संयोजक उमाशंकर यादव ने किया। कमेन्ट्रेटर नीरज यादव रहे। इस मौके पर बजरंगी यादव, सुनील यादव, राधेश्याम यादव, शैलेश यादव, अंगद यादव, अरुण, संजय पाल, आंनद राज, श्रवण कुमार यादव, अखंड यादव, त्रिलोकी यादव, यादव, प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे। संचालक नीरज यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में सैकड़ों आवेदक बाहर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज नगर पालिका परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु चयनित सूची से लेखपालो द्वारा सैकड़ों पात्रों कों अयोग्य घोषित कर बाहर कर दिया गया। इस बाबत दर्जन भर सभासदो ने उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार कों ज्ञापन सौंप पुनः जांच कर पात्रों को सूचीबद्ध करने की मांग की है। एसडीएम ने पुनः जांच का आश्वासन दिया है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र सैकड़ों लोगों का नाम सूची से हटा दिया गया है। कहा गया है कि सूची के सत्यापन से पता चलता है कि लेखपालों द्वारा सरसरी तौर व जल्दीबाजी में कार्य सम्पादित किया गया। निवेदन किया गया है कि पुनः जांच कर पात्रों कों सूची में शामिल किया जाये। जिससे असहाय व निर्बल लोगों को आवासीय योजना का लाभ मिल सके। इस दौरान सभासद राम प्रसाद मोदनवाल, अर्पित जायसवाल, गणेश चौहान, राम मिलन मोदनवाल, सुशीला देवी संगीता जायसवाल, चन्द्र कला आदि सभासद मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** बक्सा ब्लाक स्थित सराय हरखू के औंका गांव निवासी विशेष शासकीय अधिवक्ता वेद भूषण शर्मा का हृदय गति अचानक रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। आपके आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही दिवानी एवं कलेक्ट्री अधिवक्ताओं सहित जनपद में शोक की लहर दौड़ गयी। राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ संजय चौबे की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित कर मृत आत्मा की शान्ति एवं शोकाकुल परिवार को सहनशक्ति प्रदान



करने की परम् पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में अशोक तिवारी, डॉ रमेश चन्द्र, डॉ विश्वनाथ यादव, डॉ अशोक मिश्र, प्रेमचंद, संतलाल, आनंद तिवारी संजय सिंह, रश्मि सिंह, श्रीमती पूजा सिंह,विन्दू सिंह, रंजना चौरसिया, राजेश श्रीवास्तव, श्रवण तिवारी, श्रवण पान्डेय सहित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अखिलेश्वर शुक्ला ने स्व. वेद भूषण शर्मा से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया कि दो पुत्र, एक पुत्री का भरा पुरा परिवार अपने पीछे छोड़ गए हैं। आपके दामाद श्री सतीश शर्मा दरियागंज-बाराबंकी से विधायक एवं वर्तमान उत्तर प्रदेश शासन में खाद्य एवं रसद मंत्री हैं। आप राज परिवार जौनपुर के राजा अवनीन्द्र दत्त जी से जुड़े हुए थे। आप मृदुभाषी, व्यवहार कुशल ,सहयोगी ब्यक्तित्व के धनी थे।

# निशुल्क मधुमेह रक्तचाप की जांच का आयोजन




जन एक्सप्रेस | जौनपुर

विकास खंड सिकरारा के ग्राम सचिवालय इब्राहीमाबाद के प्रांगण में आरोग्य भारती जौनपुर के तत्वाधान में निशुल्क मधुमेह और रक्तचाप की जांच का आयोजन किया गया। जिसमें 53 लोगो के ब्लडशुगर और ब्लडप्रेशर की जांच किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के विभाग संयोजक डा0 बी0बी0 सिंह नवाब ने आरोग्य भारती उदेश्यो और कार्यक्रमो के साथ स्वस्थ्य व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र बिषय पर लोगों को विस्तारपूर्वक बताया वक्ताओं की कड़ी में आरोग्य भारती के सदस्य डा0अजय कुमार सिंह और डा0 सुनील राय ने मधुमेह और रक्त चाप के रोगियो और ग्रामीणों को रोग से बचाव और उपचार के बिषय में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान लाला यादव, पार्थ हॉस्पिल के पैरामेडिकल स्टाफ राहुल, शुभम, सूरज सविना और आशाकार्य करती का विशेष योगदान रहा।

## डीएम जौनपुर ने चार उप जिलाधिकारियों का बदला कार्यक्षेत्र

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जिलाधिकारी जौनपुर रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनपद के तहसील की न्यायिक व्यवस्था को चुस्त और दुरूस्त करने तथा आम जनमानस को त्वरित न्याय देने के लिए जनपद की चार तहसीलो के उप जिलाधिकारियों का तबादला करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। स्थानांतरण के इस क्रम में पवन कुमार सिंह को एसडीएम न्यायिक केराकत से एसडीएम सदर, एसडीएम अतिरिक्त सुनील कुमार भारती को एसडीएम केराकत, एसडीएम अतिरिक्त अंकित कुमार को एसडीएम बदलापुर और एसडीएम बदलापुर अर्चना ओझा को एसडीएम अतिरिक्त मुख्यालय पर नियुक्त किया गया है। सभी नव नियुक्त उप जिलाधिकारियों ने डीएम के आदेश पर अपने नये तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट में रिंशिका दुबे प्रथम स्थान पर

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

* यूजीसी और एबीवीपी के संयुक्त तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता


वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीटेक आईटी की छात्रा रिन्सिका दुबे ने नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट 2024 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के 21 विश्वविद्यालयों के छात्र और छात्रों ने भाग लिया था। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विद्यार्थियों को पर्यावरण के संवर्धन के लिए आयोजित की गई थी। पीयू की और से इस प्रतियोगिता को कराने के लिए पर्यावरण विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधीर उपाध्याय को कुलपति की तरफ से नोडल अधिकारी बनाया गया था। डॉ. उपाध्याय की देखरेख में पहले विभागवार पर्यावरण विषय में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए जिसमें पीयू के छह विद्यार्थी चयनित हुए। चयनित विद्यार्थियों में रिसीका दुबे, शिवम पांडेय, गोपाल दुबे, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, मेधा और यतनदीप दुबे रहे। इसके बाद स्क्रीनिंग के दौरान दो विद्यार्थी रिसीका दुबे, शिवम पांडेय का चयन नागपुर के लिए हुआ। इसके लिए विश्वविद्यालय की और से कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने एयर फेयर देकर विद्यार्थी को प्रोत्साहित किया। इसके बाद नागपुर में हुई नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में रिसीका दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने इस प्रकिया में सभी चयनित विद्यार्थियों को अपने कार्यालय में बुलाकर बधाई और शुभकामना दी। उन्होने नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर उपाध्याय के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी तरह विश्वविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अखिल भारतीय वि?द्यार्थी परिषद के इकाई अध्यक्ष भास्कर उपाध्याय ने चयन प्रक्रिया में पूरा सहयोग किया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में कैसे प्रतिभाग करें का लगातार टिप्स देते रहे?

# मंत्री की चिट्ठी, लोकायुक्त की जांच, पूर्व एसडीएम ने पलट दिया अपना फैसला

* पूर्व एसडीएम ने जमीन से जुड़े मामले में पूर्व में किए फैसले को बदला
* मामला थानागद्दी के नाऊपुर गांव का है

जन एक्सप्रेस | जौनपुर




कहते हैं कि पद और प्रतिष्ठा के गुरुर में इंसान कभी-कभी कुछ ऐसे कदम उठा लेता है जिस पर वह बाद में मुड़कर अपने ही फैसले को बदलने के लिए बाध्य हो जाता है। कुछ ऐसा ही इन दिनों पूर्व उपजिलाधिकारी केराकत के साथ देखने को मिला। जिन्हें लोकायुक्त ने जवाब क्या मांगा कि वह अपने फैसले को ही बदलती हुई नज़र आने लगी हैं। दरअसल, मामला केराकत तहसील क्षेत्र के नाऊपुर ग्राम पंचायत से जुड़ा होना बताया जा रहा है। जहां की ग्राम प्रधान श्रीमती संजू देवी ने अपर मुख्य सचिव राजस्व शासन लखनऊ व प्रदेश के श्रम में एवं सेवायोजन, सम्यक विभाग के मंत्री अनिल राजभर को पत्र भेज कर शिकायत करते हुए ग्राम सभा की नवीन परती खाते की जमीन को प्रबंध तंत्र द्वारा अवैध तरीके से अशासकीय विद्यालय कृषक इंटर कॉलेज थानागद्दी के नाम दर्शाये जाने के साथ-साथ उप जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 09.06.2023 को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया मामला सुर्खियों में आने के बाद जहां शासन प्रशासन ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया था वही उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा की मुश्किलें भी बढ़ने लगी थी। मजे की बात है कि ग्राम सभा नाऊपुर के खसरा संख्या 51, 57, 59 एवं 75 को यह बताकर कि उपरोक्त गाटा विद्यालय के नाम सुरक्षित है झूठी जानकारी देकर गुमराह करते हुए कागजों में भी हेराफेरी की गई जबकि नाऊपुर और जिस विद्यालय के नाम हेरा फेरी की गई है दोनों अलग-अलग ग्राम सभा में स्थित है ऐसे में अपने आप में ही इस पूरे प्रकरण और आदेश में साजिश की बू आ रही थी, लेकिन उप जिलाधिकारी केराकत ने भी इसमें जरा भी दिलचस्पी न ली और पूरी तरह से एक पक्ष की बात करते हुए अपना आदेश पारित कर दिया था। जिससे व्यथित होकर महिला ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा की साजिशों के विरुद्ध शासन प्रशासन का दरवाजा खटखटाया था। अंतोगत्वा मामला बिगड़ता देख और प्रशासन की भृकुटी तनती हुई भांप कर 22 फरवरी को अपने आदेश पत्र में खतौनी फसली वर्ष 14 28-33 के खाता संख्या 01150 में अंकित आराजी नंबर 51/.06400 हेक्टेयर, 57/.01370हेक्टेयर,59/10380हेक्टेयर व75/10840हे.के बाबत पारित आदेश दिनांक 09.06.2023 का क्रियान्वयन अग्रिम आदेश तक स्थगित तक कर दिया गया है। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में इन दिनों जोरों पर है कि आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि उप जिलाधिकारी को अपने ही आदेश को पलटने के लिए विवश होना पड़ा है।

# मौत के 28 दिन बाद शव पहुंचा तो बिलख उठे परिजन

* खड़ी देश ओमान में सड़क हादसे में हुई थी मौत

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

जिले के बीघापुर कस्बा निवासी युवक की खाड़ी देश ओमान में सड़क हादसे में मौत हो गई। बेहाल मां ने एक एनजीओ के माध्यम से विदेश मंत्रालय और ओमान दूतावास से संपर्क किया। तब जाकर मौत के 28 दिन बाद मंगलवार को उसका शव घर लाया गया। शव पहुंचते ही सभी परिजन बेहाल हैं। बीघापुर कस्बा के मोहल्ला शंकरनगर निवासी सर्वेश कुमार कनौजिया (25) वर्ष 2022 में नौकरी वीजा पर खड़ी देश ओमान गया था। जहां वह एक शेख के यहां कपड़े धुलाई का काम करता था। करीब डेढ़ साल रहने के बाद वर्ष 2023 में घर लौटा और तब से यहीं था। शेख का फोन आने पर इसी साल दो फरवरी 2024 को दोबारा विजिट वीजा पर ओमान के लिए निकला था। सात फरवरी को उसने मां रामकली से फोन पर बात की थी। मां के अनुसार बेटे ने बताया कि शेख अपने साथ गाड़ी में कहीं ले जाने की बात बताई। इसके बाद फोन कट गया था और फिर बेटे से बात नहीं हो पाई। नौ फरवरी को बेटे की सड़क हादसे में मौत की सूचना दी गई। 19 फरवरी को केरल की सामजिक संस्था के सदस्य समीर ने शहर निवासी मोहम्मद अहमद के माध्यम से सर्वेश की बहन पूजा से संपर्क किया। साथ ही, शव को भारत लाने में मदद का आश्वासन दिया। मृतक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। सबसे छोटा भाई नितेश मानसिक बीमार रहता है। पिता सुंदरलाल की मौत हो चुकी है। सर्वेश ही परिवार का सहारा था। मंगलवार को सर्वेश का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



# सपा ने किया महानगर संगठन का विस्तार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संगठन का विस्तार करते हुए समाज सेवक सुधीर वाजपेई को कानपुर महानगर संगठन में महानगर सचिव के पद पर मनोनीत करने के उपरांत सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में स्वागत समारोह संपन्न हुआ इसका संचालन महानगर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। स्वागत समारोह में महानगर संगठन व कार्यकर्ताओं द्वारा सुधीर वाजपेई को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए हाजी फजल महमूद ने कहा कि सुधीर वाजपेई को नगर सचिव बनाए जाने पर महानगर संगठन वा किदवई नगर विधानसभ और अधिक मजबूती प्रदान होगी क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक है।

सिर्फ तिथियो की घोषणा होना बाकी है सपा भी पूरी तैयारी के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने के लिए तैयार है क्योंकि यह पद कांटो भरा ताज है तथा हम लोगों को कड़ी मेहनत करनी है आने वाले चुनाव में कानपुर महानगर में सपा गठबंधन अपना परचम फहराएगी।

स्वागत समारोह में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ल महानगर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू नंदलाल जायसवाल मुमताज मंसूरी हेमंत गुप्ता बलवंत सिंह हरभजन यादव काले खान तौसीफ सिद्दीकी सरफराज अली आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।




## गैंगस्टर के आरोपी को हुई सजा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। काकादेव थाने के पैरोकार शिवकान्त बाबू की प्रभावी पैरवी से विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने मंगलवार को एक आरोपित नाटी सोनकर को 3 वर्ष 6 माह कठोर कारावास के साथ 5 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त मध्य आर.एस.गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत पुलिस आयुक्त के निर्देश के तहत काकादेव थाने के पैरोकार शिवकान्त बाबू की प्रभावी पैरवी की वजह से मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट एवं एडीजे 26 कानपुर नगर के विशेष न्यायाधीश ने मुकदमा संख्या 191/2024 मुकदमा अपराध संख्या 42/2020 धारा 3(1) उप गैंगस्टर एक्ट वनाम अस्यम सोनकर उर्फ नाटी सोनकर पुत्र नरेन्द्र सोनकर निवासी अम्बेडकर नगर काकादेव को 3 वर्ष 6 माह की कठोर कारावास एवं 5 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## काकादेव पुलिस ने दो सटोरिए दबोचे

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

काकादेव पुलिस ने बीते दिन दो सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, उनके पास से पुलिस को सट्टे की पर्चियां और वह मोबाइल भी बरामद हुआ है जिससे सट्टे की बुकिंग होती थी।

पुलिस टीम ने दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है।

कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि चौकी प्रभारी सर्वोदय नगर सुरेंद्र नारायण शुक्ला ने मुखबिर से मिली सूचना पर मनोज यादव और मनोहर साहू को गिरफ्तार किया है, इन दोनों के पास दो मोबाइल फोन तथा सट्टे की पर्चियां मिली हैं।

## रोड रोलर से स्कूली वैन टकराई आधा दर्जन शिक्षिका घायल

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एन एच 91 हाईवे पर मंगलवार की सुबह कानपुर की ओर से शिक्षिकाओं को लेकर जा रही तेज रफ्तार वैन हाईवे किनारे खड़े खराब रोड रोलर से टकरा गई। वैन के रोड रोलर से टकराने के बाद चीख पुकार मच गई। घटना में आधा दर्जन शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिसमें से एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची चौबेपुर पुलिस ने घायलों को पहले तो चौबेपुर सीएससी में उपचार के लिए भेजा जहां से घायलों को हैलेट के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार 8=30 बजे चौबेपुर पीएनसी गोडाउन के ठीक सामने हाईवे पर खराब खड़े रोड रोलर में कानपुर नगर की तरफ से आ रही शिक्षकोंओं से भरी ओमनी वैन जो कि ककवन प्राथमिक विद्यालय जा रहे थी अचानक टकरा गई जिससे ड्राइवर मोहम्मद अशरफ उम्र 45 वर्ष निवासी नई सड़क, के अलावा 5 शिक्षिकाएं नीति नेहरू उम्र 48 वर्ष निवासी जवाहर नगर, फिरदौस जफर उम्र 50 वर्ष निवासी सिविल लाइंस, नीतू सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी मेडिकल कंपस कालेज कानपुर, नीलम गौतम उम्र 50 वर्ष निवासी पनकी, निगार फातिमा उम्र 42 वर्ष निवासी कर्नलगंज को चोटें आई है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। वैन में कुल 6 लोग 1 ड्राइवर और 5 महिला शिक्षक सवार थे। जिनको तत्काल चौबेपुर थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने घटना स्थल से उठाकर सीएससी चौबेपुर प्राथमिक उपचार कराया गया तथा बाद प्राथमिक उपचार हैलट अस्पताल भिजवाया गया। घायलों में नीति नेहरू को गंभीर चोटें आई है जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।



# फैक्ट्री कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन





**जन एक्सप्रेस | शुक्लागंज/उन्नाव**

विकासखंड क्षेत्र के जैतीपुर मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के कर्मचारियों ने भत्तों के भुगतान व अन्य मांगों को लेकर गेट पर प्रदर्शन किया था। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन से बात कर प्रकरण का निस्तारण करने की सलाह दी थी। मंगलवार को थाने पहुंचे कर्मचारियों में एक कर्मचारी अचानक बेहोश हो गया। जिसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। विकासखंड के गांव मकदूमपुर स्थित पेयजल फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी विपिन अवस्थी ने बताया कि फैक्ट्री फोर क्लिप ऑपरेटर के पद पर हम सभी 35 कर्मचारी बीते करीब 10 वर्षों से काम कर रहे हैं। लेकिन अधिकारियों के मनमाने रवैये के चलते हमें वेतन के अलावा अन्य भत्ते एरियर, ओवर टाइम पेमेंट आदि नही मिल रहा था और लगातार परेशान किया जा रहा था। बताया कि कुछ कर्मियों को बाराबंकी स्थित डिपो में ट्रांसफर किया जा रहा है। जिससे अजीज आकर हम सभी ने बीते सप्ताह फैक्ट्री गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस ने कर्मचारियों को प्रबन्धन से बात कर मामले को सुलझाने की बात कह शांत कराया था। बताया कि जिसके बाद फैक्ट्री के जीएम बनोज पात्रा, अमित कुलश्रेष्ठ एच आर मैनेजर आदि के समक्ष बातचीत होने पर भी कोई हल नही निकला। बताया कि पुलिस के बुलाने पर मंगलवार को कर्मचारी उमाकांत द्विवेदी, विपिन अवस्थी, मुकेश सिंह, धीरज साहू आदि सोहरामऊ थाने गये थे। जहां थाने में उमाकांत द्विवेदी पुत्र राकेश निवासी टिकवामऊ हसनगंज अचानक बेहोश हो गया। कर्मचारियों ने उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि अनावश्यक दबाव के चलते उमाकांत की तबीयत बिगड़ गई। सोहरामऊ थाना प्रभारी कमल कुमार दुबे ने बताया कि कर्मचारी बगैर किसी अनुमति के धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिन्हें समझने के लिए थाने बुलाया गया था।

# दो दिन से लापता युवक का नाले में पड़ा मिला शव



**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व लापता युवक का शव संदिग्ध हालातों में नाले में पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के कांटा गुलजारपुर निवासी प्रदीप उर्फ डगरू (35) शनिवार को खेतों की रखवाली करने गया था। उसके वापस घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने उसका शव खेत के पास नाले में पड़ा देख घर वालों को सूचना दी। मृतक के भाई विजय कुमार के मुताबिक उसे मिर्गी का दौरा आता था। प्रदीप की पत्नी सुमित्रा आपसी विवाद के चलते छह वर्ष पूर्व बेटी सौम्या को लेकर मायके चली गई थी। मृतक स्वयं ही बनाता खाता था। एसओ फूल सिंह ने शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

बीती रात रायबरेली हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के पोरई मोड पर साइकिल से अपने घर जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी पाटन पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिहार थाना क्षेत्र के पाटन निवासी वृद्ध देशराज पुत्र स्व.गंगा किशन पटेल रायबरेली हाइवे पर पोरई मोड के किनारे पान की दुकान करता था। बीती देर रात दुकान बंद कर साइकिल से घर जा रहा था। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पान की दुकान कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी असामयिक मृत्यु पर परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की रिपोर्ट पत्नी गीता देवी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ दर्ज कराई है।

# शिवराजपुर के खंड शिक्षा कार्यालय परिसर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत अभिभावकों ने भाग लिया

* जिससे वह सरकार की आने वाली हर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी शिवराजपुर कार्यालय के प्रांगण में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 50 अभिभावको ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में दृष्टि दिव्यांग, बौद्धिक दिव्यांग, सी.पी., एचआईवी पॉजिटिव, एमडी बहु दिव्यांग से प्रभावित, गंभीर रूप से दिव्यांग तथा होम बेस्ड एजुकेशन बच्चों के अभिभावकों को स्पेशल एजुकेटर संजय कुमार पांडे स्पेशल एजुकेटर जूलियट प्रसाद द्वारा दिव्यांगता के कारण व सावधानी व आवश्यक उपकरण तथा मेडिकल कैंप में यूआईआईडी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं सरकारी विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी प्रदत्त की गई। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शिवराजपुर कृपा शंकर यादव के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ।

रिसोर्स पर्सन अनीता राज कटियार ने दिव्यांगता के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह की प्रोग्राम के माध्यम से सभी अभिभावक इकट्ठा होते हैं और उनको उनके बच्चों की दैनिक क्रियाओं के बारे में और सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है जिससे छात्रो से अधिक अभिभावक को जागरूक होने की आवश्यकता है जिससे वह सरकार की आने वाली हर योजना का लाभ उठा सकते हैं।




# संदिग्ध हालत में नेवी ऑफिसर का फंदे से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रियदर्शिनी नगर मोहल्ला के रहने वाले मर्चेंट नैवी चीफ आफिसर का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध हालातों में घर की रेलिंग पर फंदे से शव लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला पीडी नगर निवासी सोलंकी (33) पुत्र उमेश चंद्र श्रीवास्तव मर्चेंट नेवी में चीफ आफिसर के पद पर तैनात था। हाल ही में कैप्टन का एग्जाम पास करने के लिए लखनऊ में ट्रेनिंग कर रहा था। जिसके लिए वह हर रोज घर से ही आता जाता था। सोलंकी की दो साल पहले शिवांगी से शादी हुई थी। पीडीनगर स्थित घर की दूसरी मंजिल पर पत्नी शिवांगी व बेटी गौरी के साथ रहता था। घर के निचले हिस्से में पिता उमेश चंद्र रहते थे। मंगलवार सुबह संदिग्ध हालत में घर की तीसरी मंजिल की रेलिंग से रस्सी के फंदे पर सोलंकी का शव लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। चचेरे भाई प्रतीक के मुताबिक छोटा भाई सूर्या जर्मन में इंजीनियर और विवाहित बहन दीपांकी शिक्षिका हैं। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मौत का कारण परिजन भी स्पष्ट नहीं कर सके। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी प्रभारी प्रवीन पुंज मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।



# बिल्हौर कस्बे के सहकारी संघ राशन दुकानदार और सभासद में भिड़ंत

* राशन कार्ड धारक पर्ची लेकर एक हफ्ते से घूम रहे हैं, राशन दुकानदार ने बताया राशन खत्म।

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों राशन वितरण प्रणाली को कोटेदार और बाबू दलाल मिलकर चूना लगा रहे हैं कहीं पर अगर राशन दुकान किसी कारण बस निलंबित चल रही है तो राशन माफिया अपनी परिचित की दुकान में लगवा देते हैं वहां से अच्छा खासा पैसा वसूल करते हैं। जबकि राशन उपभोक्ता पर्ची लेकर घूमा करते हैं तो बता देते हैं कि तुम्हारा मशीन में अंगूठा नहीं लग रहा है आप दोबारा ऑनलाइन करवाइए तभी हो पाएगा इससे महीना चक्कर लगाता रहता है उपभोक्ता बिल्हौर तहसील की नई बिल्डिंग में ऊपर कमरे में जाकर कागज पकड़ा कर चला आता है इसके बाद दौड़ते दौड़ते थक जाता है राशन मिलना उसको बंद हो जाता है मंगलवार को बिल्हौर कस्बा स्थित नेहरू पार्क के समीप सहकारी संघ में पहले एक दुकान राशन मिलता था इन दोनों निलंबित कई दुकानें वहीं पर लगा दी गई हैं जिसके द्वारा नए कोटेदार अपनी नई कला के साथ उपभोक्ताओं को पर्ची पकड़ा देते हैं लेकिन राशन नहीं मिल पाता है उपभोक्ता घटतौली का भी कई बार आरोप लग चुके हैं। लेकिन वह कोटेदार पर कोई फर्क नहीं पड़ता है उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले जो कोटा देखते थे उनके जमाने में शिकायत नहीं होती थी उन दिनों वहां पर पर्ची बनाने वाला इस समय केशव बाजपेई ही स्वयं कोटेदार हो गया है आखिरकार इतनी तगड़ी सेटिंग के चलते कैसे गठन हो गया इन मुद्दों को लेकर सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने उपभोक्ताओं की शिकायत पर वहां पहुंचकर जब इस बारे में पूछा की पर्ची काटने के बाद भी चार दिन से लोग दौड़ रहे हैं क्यों नहीं राशन दे रहे हो तो बताया कि अभी तक हमारे पास ही लोग आए नहीं है और फोन पर वही कोटेदार बता रहा है कि राशन खत्म हो गया है आखिरकार जब राशन उपभोक्ताओं के लिए आता है तो खत्म पहले कैसे हो जाता है और अक्सर दुकान बंद रहती है जिससे उपभोक्ता परेशान है सभासद ने बताया कि सप्लाई इंस्पेक्टर को भी फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया सोशल मीडिया पर ऑडियो वीडियो पूरे दिन वायरस होता रहा जिसमें लोग तरह-तरह की भीम देते रहे। रिचा तिवारी, दीपू यादव, जैनेंद्र शुक्ला, बली यादव आदि लोग पर्ची लेकर घूम रहे हैं।



# सड़क हादसे में वृद्ध की हुई दर्दनाक मौत, परिवारीजनों ने किया हंगामा

* परिवारीजनों ने शव को हाईवे पर रखकर किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे/कोमल सिंह**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती सोमवार की शाम सड़क हादसे में भिंडुरी गांव के रहने वाले रमेश चंद्र दीक्षित उम्र 75 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ललता प्रसाद दीक्षित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पारिवारिक जनों ने पहले तो चौबेपुर सीएससी में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने उन्हें हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीती सोमवार की शाम 7=30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना उस वक्त घटित हुई जब रमेश चंद दीक्षित अपने खेतों की जानवरों से निगरानी करने के लिए जा रहे थे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अंडरपास ना बने होने की वजह से आए दिन ऐसी घटनाएं होती ही रहती है। सूत्रों के मुताबिक मृतक रमेश चंद्र दीक्षित के परिवार में कोई भी कमाने वाला नहीं है। क्षेत्रीय जनता ने यह भी बताया कि एन एच 91 सड़क निर्माण के दौरान मृतक रमेश चंद्र दीक्षित की तीन बिस्वा जमीन सड़क निर्माण में चली गई थी। जिसका मुआवजा आज तक उनके परिवार को नहीं मिला है। कई बार एसडीएम बिल्हौर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार भी लगाई लेकिन उनकी फरियाद नहीं सुनी गई। परिवार में बड़े बेटे की विधवा बहू अर्चना दीक्षित, नातिन वैष्णवी दीक्षित, जानवी दीक्षित, हर्ष दीक्षित बड़ा नाति वैभव दीक्षित है। वर्तमान समय में वैभव दीक्षित किसी तरह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है।





### परिवारीजनों ने शव को हाईवे पर रखकर काटा हंगामा

मृतक रमेश चंद दीक्षित की मृत्यु से आहत व आकर्षित परिवारिजनों ने पोस्टमार्टम से वापस आने के बाद मृतक रमेश चंद्र दीक्षित के शव को एन एच 91 हाईवे पर रखकर हंगामा काटा। मृतक के परिवार वाले जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। इन लोगों का कहना था कि यह समस्या पहली समस्या नहीं है इससे पहले भी अंडर पास ना बने होने की वजह से कई घटनाएं यहां पर हो चुकी है। जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने आकर्षित परिवारिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन परिवरीजन सक्षम अधिकारियों को बुलाऐ जाने की बात को लेकर अड़े हुए थे। 1 घंटे बाद एसडीएम बिल्हौर रश्मि लंबा मौके पर पहुंची जहां पर उन्होंने मृतक के परिवार के सदस्यों को किसान निधि के 5 लाख और जमीन के मुआवजे को दिलाया जाने की बात के बाद परिवारिजनों ने जाम खोल दिया।

### कोतवाली के सामने डंपर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव।** कानपुर लखनऊ हाइवे पर अजगैन कोतवाली के सामने डंपर की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आनन फानन उसे नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले डंपर को चालक समेत पकड़ लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अजगैन कोतवाली के बक्सीखेड़ा निवासी ज्ञानचंद्र मौर्य (40) दही थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार सुबह वह साइकिल से ड्यूटी करने जा रहा था। कानपुर लखनऊ हाइवे पर अजगैन कोतवाली के सामने पहुंचते ही पीछे से आए डंपर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे गंभीर रूप से घायल साइकिल सवार को पुलिस ने नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छह भाइयों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत की खबर पर पत्नी प्रेमा, बेटे बलराम, शिवराम, बेटियों समेत अन्य परिजन बेहाल हो उठे। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि चालक को डंपर समेत पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन में जाने वाले यात्रियों के नाम का हुआ खुलासा, पीएम मोदी ने कहा

# 140 करोड़ लोगों के भरोसे को स्पेस में ले जाने वाली शक्तियां

* प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और देश के पहले मैन्ड स्पेस मिशन गगनयान का रिव्यू किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर पहुंचे। उनके साथ इसरो चीफ एस सोमनाथ भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और देश के पहले मैन्ड स्पेस मिशन गगनयान का रिव्यू किया। प्रधानमंत्री ने गगनयान मिशन पर भेजे जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स के नामों का ऐलान भी किया और उन्हें एस्ट्रोनॉट विंग्स दिए। जिन एस्ट्रोनॉट्स को गगनयान मिशन पर भेजा जाएगा, उनमें- ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। चारों की ट्रेनिंग रूस में हुई है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि कुछ देर पहले देश पहली बार 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम या 4 इंसान नहीं हैं, ये वो चार शक्तियां हैं जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंट-डाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।

### तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ये प्रोजेक्ट्स सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा में पीएसएलवी एकीकरण सुविधा, महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में नई सेमी-क्रायोजेनिक्स इंटीग्रेटेड इंजन और स्टेज टेस्ट सुविधा और वीएसएससी तिरुवनंतपुरम में 'ट्राइसोनिक विंड टनल' हैं। इन्हें तैयार करने में करीब 1800 करोड़ रुपये लागत आई है।



### आज जल, थल, नभ और अंतरिक्ष में ऐतिहासिक कार्यों का यश मिल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा- मैं चाहता हूं कि हर कोई हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का खड़े होकर अभिनंदन करे। हर राष्ट्र की विकास यात्रा में कुछ क्षण ऐसे आते हैं जो वर्तमान के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी परिभाषित करते हैं। आज भारत के लिए यह ऐसा ही क्षण है, हमारी आज की पीढ़ी बहुत सौभाग्यशाली है जिसे जल, थल, नभ और अंतरिक्ष में ऐतिहासिक कार्यों का यश मिल रहा है।

### चार लोग 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाएंगे

प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ देर पहले देश पहली बार 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम या 4 इंसान नहीं हैं, ये वो चार शक्तियां हैं जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।

### 2035 तक अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा

मोदी ने कहा- पिछले साल भारत वह पहला देश बना जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर तिरंगा फहराया। आज शिव-शक्ति पॉइंट पूरी दुनिया को भारत के सामर्थ्य से परिचित करा रहा है। 2035 तक अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा। इसकी मदद से भारत अंतरिक्ष का अध्ययन कर सकेगा। अमृत काल के इस दौर में भारतीय एस्ट्रोनॉट हमारे अपने रॉकेट पर सवार होकर चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे।




# आप ने दिल्ली-हरियाणा में किया उम्मीदवारों का ऐलान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीटों का समझौता होने के बाद आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया। पार्टी ने दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है।

### तीन विधायक लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

आप नेता और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इससे पहले इस में पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) की बैठक हुई। पार्टी ने बैठक खत्म होने के बाद ही दिल्ली और हरियाणा में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। दिल्ली में तीन मौजूदा विधायकों (सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और सहीराम) को टिकट मिला है।

### पंजाब में उम्मीदवारों के नामों का नहीं हुआ एलान

आप गुजरात की भरूच और भावनगर लोकसभा सीट पर पहले ही उम्मीदवार का एलान कर चुकी है। उम्मीद जताई जा रही थी सीएम केजरीवाल के आवास पर हुई इस बैठक के बाद पार्टी दिल्ली, हरियाणा के अलावा पंजाब में भी उम्मीदवारों का एलान कर देगी लेकिन अभी ऐसा नहीं हुआ।

### दिल्ली की चार सीटों पर ये हैं उम्मीदवार

- पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार
- नई दिल्ली से सोमनाथ भारती
- पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा और
- दक्षिणी दिल्ली से सहीराम को उम्मीदवार बनाया है।


इसके अलावा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर आम ने सुशील गुप्ता के नाम मुहर लगाई है।

### गठबंधन में आप के हिस्से आई हैं ये सीटें

आप दिल्ली में चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसके हिस्से में आई है, जबकि पंजाब की सभी 13 सीटों पर वह चुनाव लड़ रही है। आप दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर लड़ेगी।

# ईडी ने केजरीवाल को आठवां समन भेजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवां समन भेजा है। इससे पहले ईडी ने उन्हें सातवां समन भेजा था, लेकिन के दिल्ली सीएम किसी ना किसी वजह से ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। अब आठवां समन अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है। केजरीवाल ने कहा था कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश होंगे। समन पर केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने शहर की एक अदालत का रुख किया, जिस पर अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को 16 मार्च को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने आठवां समन जारी करते हुए इस तर्क को खारिज कर दिया था कि केजरीवाल को पेश होने के लिए भेजा गया नया नोटिस अनुचित है, क्योंकि मामला स्थानीय अदालत में विचाराधीन है। दिल्ली शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं और इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। इससे पहले 22 फरवरी को भी ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा था। लेकिन केजरीवाल सातवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इससे पहले बीती साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी को भी ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी।

## टीपी चंद्रशेखरन हत्या मामले के सभी दोषियों को हाईकोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि

केरल से जुड़े 2012 के टीपी चंद्रशेखरन हत्या मामले में दोषी ठहराए गए सभी लोगों को हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई कर रही खंडपीठ ने कहा कि नौ दोषी तब तक किसी भी छूट के हकदार नहीं होंगे, जब तक कि वे 20 साल जेल में नहीं काट लेते। हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों की सजा बरकरार रखी, जिन्हें हत्या के मामले में ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया था। गौरतलब है कि चार मई, 2012 को ओंचियाम में रिवोल्यूशनरी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) के नेता चंद्रशेखरन की हत्या से संबंधित मामले में दो अन्य आरोपियों को बरी करने के फैसले को भी रद्द कर दिया था और उन्हें आपराधिक साजिश के लिए दोषी ठहराया था। बता दें अदालत दोषियों द्वारा उनकी दोषसिद्धि और सजा को रद्द करने की मांग करने वाली कई अपीलों पर विचार कर रही थी। इस दौरानआरोपियों की सजा बढ़ाने की राज्य की अपील पर भी सुनवाई की। टी पी चन्द्रशेखरन की विधवा पत्नी केके रेमा द्वारा एक और अपील याचिका दायर की गई थी।



## कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, राज्यसभा सांसद नारण राठवा अपने बेटे संग बीजेपी में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में जीत पाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि उनकी यात्रा असरदार साबित होने की बजाय पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का हाथ पकड़ लिया है। नारण राठवा का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने में अभी कुछ दिन बाकी है। राठवा ने अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ गांधीनगर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम् में सदस्यता ग्रहण की।

### पांच बार के लोकसभा सांसद

आदिवासी समुदाय से आने वाले कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। उन्होंने राजनीति की शुरुआत कांग्रेस से की। वह पांच बार लोकसभा के लिए चुने गए - पहली बार 1989 में, फिर 1991, 1996, 1998 और 2004 में। वह 2004 से 2009 तक यूपीए-1 में रेल राज्य मंत्री रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के रामसिंह राठवा से हार गए। फिर वह कांग्रेस से राज्यसभा सांसद बने।

## आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाला खुलासा, असम में सात गुना बढ़ी पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की संख्या

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत जैसे विकासशील देशों के सामने आबादी और बेरोजगारी बड़ी चुनौती है। कोरोना महामारी जैसी समस्याओं के चलते देश में बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस बीच एक नया आर्थिक सर्वे सामने आया है, जिसके आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। इसमें बताया गया है कि साल 2022 में असम में रोजगार कार्यालयों में करीब 10 लाख पढ़े-लिखे युवाओं ने पंजीकरण कराया है। जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या महज 1.4 लाख थी। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि स्थिती कितनी बदतर हो गई है। 2023-2024 के लिए जारी आर्थिक सर्वे में राज्य के सामने एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा गया है कि नौकरी चाहने वालों में सबसे अधिक संख्या पढ़े-लिखे युवाओं की है। केवल एक साल के अंदर सात गुना से भी अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। रोजगार कार्यालय के रजिस्टर के अनुसार, साल 2022 में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या 9,83,093 थी, जबकि साल 2021 के दौरान यह संख्या 1,37,865 थी। बजट सत्र के दौरान असम विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि 2021 की तुलना में 2022 में नौकरी चाहने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। बताया गया कि रोजगार कार्यालयों में पंजीकरण के अनुसार, 2021 में शिक्षित नौकरी चाहने वालों की कुल संख्या 18,05,441 थी, जबकि 2020 के दौरान यह 17,46,671 थी, जिससे 3.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर जो काम के लिए उपलब्ध थे, लेकिन काम नहीं मिल सका, पूरे देश में 3.2 प्रतिशत की तुलना में 2022-23 के दौरान असम में 1.7 प्रतिशत थी। सर्वे में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 1.5 प्रतिशत है।

### सरकार जुटी समस्या सुलझाने में

राज्य में बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को देखते हुए, असम सरकार ने बोझ को कम करने के लिए कुछ सकारात्मक पहल की है।रिपोर्ट में कहा गया है कि एक लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरियां देने के लिए प्रक्रिया चल रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)